वर्ष 23, अंक 275, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 29 अक्टूबर 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## नरेन्द्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री ने वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स का उद्घाटन किया

### प्रधानमंत्री ने रतन टाटा को किया याद

**वडोदरा**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी और स्पेन के उनके समकक्ष पेड्रो सांचेज ने सोमवार को सुबह गुजरात के वडोदरा शहर में एक खुली जीप में सवार होकर एक रोडशो किया और सड़क के किनारे खड़े लोगों का अभिवादन किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्पेन के उनके समकक्ष पेड्रो सांचेज ने सोमवार को सुबह गुजरात के वडोदरा शहर में एक खुली जीप में सवार होकर एक रोडशो किया और सड़क के किनारे खड़े लोगों का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री सांचेज ने शहर में हवाईअड्डे से टाटा विमान परिसर तक 2.5 किलोमीटर लंबे मार्ग पर एकत्र लोगों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। दोनों प्रधानमंत्री टाटा विमान परिसर का उद्घाटन किया। मोदी और सांचेज जब यहां टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स केंद्र की ओर आगे बढ़े तो भारत की समृद्ध संस्कृति का प्रदर्शन करने वाले विभिन्न कलाकारों ने उनका स्वागत किया। दोनों नेता एक द्विपक्षीय बैठक के लिए ऐतिहासिक लक्ष्मी विलास पैलेस जाने से पहले ह्यटाटा एडवांस्ड सिस्टम्सह्ल केंद्र का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।



पीएम मोदी ने दिवंगत रतन टाटा को याद किया पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा हाल ही में हमने देश के महान सपूत रतन टाटा जी को खो दिया। अगर वे आज हमारे बीच होते तो उन्हें खुशी होती, लेकिन उनकी आत्मा जहां भी होगी, वे खुश होंगी। यह सी-295 विमान फैक्ट्री नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दशार्ती है। जब मैं गुजरात का सीएम था, तब वडोदरा में ट्रेन के कोच बनाने के लिए एक फैक्ट्री लगाने का फैसला किया गया था। फैक्ट्री को रिकॉर्ड समय में उत्पादन के लिए तैयार भी कर दिया गया था। आज हम उस फैक्ट्री में बने मेट्रो कोच को दूसरे देशों में निर्यात कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि भविष्य में इस फैक्ट्री में बने विमान भी दूसरे देशों में निर्यात किए जाएंगे। उन्होंने कहा, "पिछले 5-6 सालों में भारत में 1000 नए रक्षा स्टार्टअप शुरू हुए हैं। पिछले दस सालों में भारत का रक्षा निर्यात 30 गुना बढ़ा है। आज हम 100 से ज्यादा देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करते हैं। आज हम देश में कौशल और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। एयरबस और टाटा की इस फैक्ट्री से हजारों नौकरियाँ पैदा होंगी।"

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स सुविधा सैन्य विमानों के लिए भारत की पहली निजी क्षेत्र की अंतिम असेंबली लाइन है। समझौते के तहत इस सुविधा में 40 विमान बनाए जाएँगे, जबकि विमानन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एयरबस सीधे 16 विमान डिलीवर करेगी।

### प्रधानमंत्री भारत माता सरोवरिन परियोजना का उद्घाटन करेंगे

**प्रधानमंत्री** अमरेली के दुधाला में भारत माता सरोवर का उद्घाटन भी करेंगे। इस परियोजना को गुजरात सरकार और ढोलकिया फाउंडेशन के बीच सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत सहयोग के माध्यम से विकसित किया गया था। ढोलकिया फाउंडेशन ने एक चेक डैम का सुधार किया, जो मूल रूप से 4.5 करोड़ लीटर पानी धारण कर सकता था, लेकिन इसे गहरा, चौड़ा और मजबूत करने के बाद इसकी क्षमता 24.5 करोड़ लीटर हो गई है। इस सुधार से आस-पास के कुओं और बोरों में पानी का स्तर बढ़ गया है, जो बेहतर सिंचाई प्रदान करके स्थानीय गांवों और किसानों की मदद करेगा।

एक सार्वजनिक समारोह में, पीएम मोदी अमरेली में लगभग 4,900 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं से राज्य के अमरेली, जामनगर, मोरबी, देवभूमि द्वारका, जूनागढ़, पोरबंदर, कच्छ और बोटाद जिलों के नागरिकों को लाभ होगा।

पीएम अन्य विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे

वह 2,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उद्घाटन की जाने वाली परियोजनाओं में ठल 151, ठल 151अ और ठल 51 के विभिन्न खंडों की फोर-लेनिंग और जूनागढ़ बाईपास शामिल हैं। जामनगर जिले के ध्रोल बाईपास से मोरबी जिले के अमरान तक शेष खंड की चार लेन परियोजना की आधारशिला भी रखी जाएगी।

## महाराष्ट्र में नहीं होगी हरियाणा वाली गलती!



**नई दिल्ली**

**पार्टी** के प्रदेश प्रवक्ता मुकुंद किरदत ने कहा कि आप राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है और भाजपा को हराने में अपने सदस्य दलों की सहायता करेगी। इसलिए आप महाराष्ट्र में 2024 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेगी।

अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) ने महाराष्ट्र में हरियाणा चुनाव के परिणाम की पुनरावृत्ति से बचने के लिए विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया। केजरीवाल उन विधानसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के लिए प्रचार करेंगे जहां आप का स्वयंसेवक आधार है और जहां एमवीए उम्मीदवारों की कोई विवादास्पद पृष्ठभूमि नहीं है। राज्यसभा सांसद सिंह ने एक्सक्लूसिव बातचीत में कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल एमवीए उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे। आम आदमी पार्टी महाराष्ट्र में चुनाव नहीं लड़ेगी।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मुकुंद किरदत ने कहा कि आप राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है और भाजपा को हराने में अपने सदस्य दलों की सहायता करेगी। इसलिए आप महाराष्ट्र में 2024 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेगी।

आप की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एससीपी) और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में लड़ने के लिए आप को सीटें देने की पेशकश की है।

हरियाणा में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने के बाद आप वहां कोई बढ़त बनाने में विफल रही क्योंकि कांग्रेस के साथ गठबंधन बनाने के प्रयास विफल हो गए। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार, आप और कांग्रेस के वोट विभाजन ने भाजपा को अधिक जीत हासिल करने में मदद की।

## बिहार : एनडीए की नजर 2025 के विधानसभा चुनाव पर

**पटना। अगले** साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाकर एनडीए ने कई मोर्चों पर तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जहां एक ओर जिलों में जाकर योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे हैं, वहीं रोजगार और नौकरी देने के लक्ष्यों को भी पूरा करने को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इधर, मुख्यमंत्री आवास पर सोमवार को एनडीए नेताओं की एक बैठक भी हो रही है, इसमें एनडीए के बड़े नेता शिरकत कर रहे हैं।

## वायनाड की जनता ने संविधान को मजबूत करने का काम किया : प्रियंका

**वायनाड। कांग्रेस** पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज वायनाड में होंगी। वो उपचुनाव के लिए प्रचार करने पहुंचेंगी। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में वायनाड की जनता को खूब सराहा। कहा कि यहां के लोगों ने लोकतंत्र की भावना को बखूबी समझा है और उसे मजबूत भी किया है।

प्रियंका गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "वायनाड की जनता पहले भी



सत्य, न्याय और लोकतंत्र के साथ खड़ी हुई है और संविधान की भावना को मजबूत करने का काम किया है। वायनाड के लोग आगे भी संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करते हुए विकास और प्रगति का नया अध्याय लिखेंगे। जनता का जोश और उत्साह देखने लायक है।"

इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने बताया कि वो सोमवार को वायनाड की जनता के साथ संवाद करेंगी। दरअसल, देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी को उम्मीदवार बनाया है, जो पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के रायबरेली सीट चुनने के बाद खाली हो गई थी।

### लॉरेंस बिश्नोई के सफाए का पप्पू यादव ने किया था ओपन चैलेंज

## अब मिली गैंगस्टर से धमकी

**बिहार**

**लॉरेंस** बिश्नोई के नेटवर्क को 24 घंटे के भीतर खत्म करने की बात करने वाले सांसद पप्पू यादव को सोमवार (28 अक्टूबर) को गैंगस्टर से धमकी मिली है.

पप्पू यादव धमकी मिलने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी. एबीपी न्यूज के साथ बातचीत में पप्पू यादव ने कहा कि मुझे धमकी मिली है, इसकी जानकारी मैंने डीजीपी को दे दी है.

झारखंड के कुख्यात अमन साहू गैंग ने पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी दी है. पप्पू यादव ने लॉरेंस बिश्नोई को दो टके का अपराधी कहा था.



इसी के जवाब में अमन साहू गैंग के गुर्गों ने सोशल मीडिया पर पप्पू यादव को धमकाया है.

पप्पू यादव को वॉट्सएप पर कॉल करके भी धमकी दी गई है. जिस नंबर से पप्पू यादव को कॉल किया गया था, उसकी डीपी में लॉरेंस बिश्नोई की तस्वीर लगी है. महाराष्ट्र में एनीसीपी अजित गुट के नेता और कारोबारी बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम सामने आया है.

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को कथित तौर पर अमन साहू गैंग की ओर से फोन कर धमकाते हुए कहा गया है कि किसी पर कमेंट या किसी के खिलाफ कुछ सोच-समझकर बोलना चाहिए, समझ रहे हैं क्या कह रहे हैं हम।

### पुलिस हिरासत में हुई थी मौत | 10 लाख मुआवजा और बच्चों को फ्री शिक्षा का ऐलान

## मोहित कुमार के परिवार से मिले सीएम योगी

**यूपी**

**परिवार** को तत्काल 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इसके अलावा, परिवार को एक घर, सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। सरकार ने बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा की भी व्यवस्था की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ के चिनहट इलाके में पुलिस हिरासत में कथित तौर पर मारे गए मोहित कुमार के परिवार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विधायक योगेश शुक्ला और पार्षद शैलेंद्र वर्मा मौजूद रहे। परिवार को तत्काल 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इसके अलावा, परिवार को एक घर,



सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। सरकार ने बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा की भी व्यवस्था की है।

चिनहट क्षेत्र के जैनाबाद निवासी 30 वर्षीय मोहित कुमार को शनिवार को एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार कर लखनऊ के चिनहट थाने ले जाया गया। थाने में उसकी हालत बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अधिकारियों के अनुसार, वहां से उसे अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि कुमार के परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस की बर्बरता के कारण उसकी मौत हुई और उनके द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर चिनहट थाने के एक इंस्पेक्टर और कुछ अज्ञात लोगों सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

घटना के बाद लखनऊ के चिनहट थाने के एसएचओ अश्वनी चतुर्वेदी को उनके पद से हटा दिया गया।

## देश में अगले साल से शुरू होगी जनगणना! संप्रदाय भी पूछ सकती है सरकार, 2028 में पूरा होगा परिसीमन

**नई दिल्ली**

भारत में पिछली बार जनगणना 2011 में हुई थी। अगला चरण 2021 में शुरू होना था, लेकिन कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण इसमें देरी हो गई। तब से, इस बारे में कई सवाल पूछे जा रहे हैं कि अगली जनगणना के आंकड़े कब प्रकाशित किए जाएंगे।

सरकार चार साल की देरी के बाद 2025 में जनगणना शुरू करने जा रही है। सूत्रों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी है। यह प्रक्रिया



2025 में शुरू होगी और 2026 तक जारी रहने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि जनगणना के बाद लोकसभा सीटों का परिसीमन शुरू होगा और यह काम 2028 तक पूरा होने की संभावना है। यह घटनाक्रम कई विपक्षी दलों द्वारा जाति जनगणना की मांग के बीच हुआ है। हालांकि, सरकार ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है ।

## ओडिशा में चक्रवात 'दाना' के कारण करीब 36 लाख लोग प्रभावित : मंत्री सुरेश पुजारी

**भुवनेश्वर। ओडिशा** के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने रविवार को कहा कि राज्य में चक्रवात 'दाना' के कारण लगभग 36 लाख लोग प्रभावित हुए हैं।

पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री पुजारी ने कहा कि राज्य के 14 जिलों के 108 प्रखंडों की 1,671 ग्राम पंचायतों और 31 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के 426 वार्डों के 35,95,015 लोग प्रभावित हुए हैं।

पुजारी ने आगे कहा कि गुरुवार मध्य रात्रि को 'दाना' के ओडिशा तट पर पहुंचने से पहले राज्य के प्रभावित जिलों के निचले इलाकों और संवेदनशील स्थानों से 8,10,896 लोगों को निकालकर आश्रयों और राहत केंद्रों में पहुंचाया गया।

निकाले गए लोगों को 6,210 चक्रवात राहत केंद्रों में स्थायी और अस्थायी तौर पर तब तक रहना पड़ा, जब तक कि स्थिति पूरी तरह से शांत नहीं हो गई। स्थिति सामान्य होने के बाद जब लोग अपने घरों को लौटे, तब केवल 1,178 राहत केंद्र ही चालू थे।

पुजारी ने कहा, "जिन लोगों के घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें पॉलीथीन शीट और अन्य आवश्यक सामान मुहैया कराया गया है।

## लद्दाख में 2 लाख पॉइंट पर भारत-चीन सैनिकों की वापसी अंतिम चरण

### लेकिन तनाव कम होने में लगेगा 'काफी समय'?

**चीन**

**चीन** के साथ सीमा वार्ता में हाल ही में मिली सफलता के एक दिन बाद, रक्षा सूत्रों ने पुष्टि की है कि पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में सैनिकों की वापसी लगभग पूरी हो चुकी है। सूत्रों ने बताया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (छअउ) पर पहली गश्त।

भारत और चीन दिवाली से पहले वास्तविक नियंत्रण रेखा (छअउ) पर पूरी तरह से पीछे हटने के लिए तैयार हैं। इसके बाद, छअउ के कुछ क्षेत्रों में समझौते के अनुसार गश्त शुरू हो जाएगी। यह भारत और चीन द्वारा सीमा विवाद को हल करने के लिए सहमत होने के एक सप्ताह बाद हुआ है, जो 2020 के गलवान संघर्ष के बाद पहली बार हुआ है। हालांकि, भारतीय सेना के एक सूत्र ने कहा कि यह समझौता केवल डेमचोक और देपसांग के लिए है। डेपसांग क्षेत्र में, चीनी चौकियों ने छअउ पर पांच गश्त बिंदुओं तक भारतीय पहुंच को अवरुद्ध कर दिया था, जिसमें महत्वपूर्ण वाई जंक्शन भी शामिल है, उन्हें हटा दिया गया है। इसी तरह, डेमचोक में विवादित भूमि पर चीनी संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया गया है।

चीन के साथ सीमा वार्ता में हाल ही में मिली सफलता के एक दिन बाद, रक्षा सूत्रों ने पुष्टि की है कि पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में सैनिकों की वापसी लगभग पूरी हो चुकी है। सूत्रों ने बताया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (छअउ) पर पहली गश्त - जहाँ 2020 के गलवान घाटी संघर्ष के बाद से तनाव बना हुआ है



- महीने के अंत तक फिर से शुरू होने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि वापसी की प्रक्रिया, जो अब अपने अंतिम चरण में है, में दोनों पक्ष 2020 में सीमा गतिरोध के बाद इन विवादित क्षेत्रों में पिछले साढ़े चार वर्षों में बनाए गए अस्थायी ढांचों और किलेबंदी को ध्वस्त कर रहे हैं। हटाए जा रहे अस्थायी ढांचों में उपकरण, वाहन और सैनिकों को रखने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पूर्वनिर्मित शेड और टेंट शामिल हैं। सूत्रों ने संकेत दिया कि कल (29 अक्टूबर) तक सैनिकों की वापसी का क्रॉस-सत्यापन पूरा होने की संभावना है, जो कि वापसी की आधिकारिक स्वीकृति के लिए आवश्यक कदम है। सत्यापन पूरा होने के बाद, भारत और चीन दोनों ही इन क्षेत्रों में तनाव समाप्त होने की पुष्टि करेंगे। 2020 के बाद से न तो चीन ने डेपसांग बुलगे बॉटलनेक क्षेत्र से आगे गश्त की है, न ही भारत ने पॉइंट 10 से 13 ए तक गश्त की है, लेकिन अब दोनों पक्ष एक-दूसरे को नहीं रोकेंगे। इसी तरह, भारतीय सेना अब चार्डिंग दर्रे से लेकर चार्डिंग और निंग्लिंग नालों के मिलने वाले स्थानों तक गश्त करेगी।

# नहर में पानी बंद ना होने से धान की फसल बर्बाद, किसान की मेहनत पानी में

**अखंड भारत संदेश**




**करछना।** इस समय सिंचाई की कोई आवश्यकता नहीं है फिर भी नहर में पानी ओवरफ्लो दिया जा रहा है, जिससे खेतों में पानी भर गया है, धान की फसल इस समय कटाई के लिए तैयार हो चुकी है । बेदों, भरहा, पचदेवरा, सहित आदि समस्त गांवों में नहर के आस पास वाले खेतों तथा बाग , बगीचों पानी से जलमग्न हैं जिससे किसान इस समय पानी के करना कटाई नहीं कर पा रहे हैं, नहर का पानी इतना अधिक है कि खेतों के बाद पानी बाग , बगीचों में भी भर गया है। कई बार लोगों ने संबंधित अधिकारियों से बात भी किए लेकिन उसका कोई लाभ नहीं निकला । माइनर और टेल तक पानी पहुंचाने के चक्कर में नहर ओवरफ्लो चलाई जा रही है, जबकि माइनर की समय पर सफाई नहीं कराई गई जिससे कोई फायदा नहीं मिल रहा है और इधर पानी बहुत ही अधिक हो गया है।अतः उच्चाधिकारियों से सादर अनुरोध है कि नहर को तत्काल प्रभाव से बंद करवाने की कृपा करें जिससे किसान अपनी बची हुई फसल को अपने घर ला सके।

## अमर्यादित टिप्पड़ी का आरोप, सपा प्रत्याशी पर मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** उप चुनाव में फूलपुर विधानसभा सभा सीट से सपा प्रत्याशी मोहम्मद मुज्तबा सिद्दकी पर अमर्यादित टिप्पड़ी के आरोप में सरायइनायत पुलिस केस दर्ज किया है। आरोप है कि तीन दिन पहले सपा प्रत्याशी ने मीडिया चैनल को साक्षात्कार देते हुए एक राजनीतिक पार्टी का नाम लेते हुए जाति सूचक शब्दो का प्रयोग किया था। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। रविवार को बसपा के विधानसभा अध्यक्ष फूलपुर राजकुमार गौतम ने मामले की लिखित शिकायत करते हुए बताया कि सपा प्रत्याशी के बयान से बहुजन समाज पार्टी व दलित समाज दोनो आहत हुआ है। मामले की जांच एसीपी थरवई कर रहे है।

# शासन की मंशा पर फिर रहा पानी,विभागीय अधिकारी कार्यालयों तक सीमित

**करछना।** भले ही केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार द्वारा गांव के गरीब,असहाय ग्रामीणों को खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवो में सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है।ताकि आमजनमानस को खुले में शौच जाने से मुक्ति मिल सके और सामुदायिक शौचालय का उपयोग कर सके किन्तु विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते गांवो में बने सामुदायिक शौचालयों का उपयोग होने के बजाय ताला लटक रहा है।जो कागजो तक ही सिमट के रह गये है और विकाश खण्ड कार्यालय के कागजो पर ही चल रहे है। यंहा तक देखरेख के लिए उनमें रखी गयी केयर टेकर को प्रतिमाह वेतन भी बिना काम के खाते में डाला जा रहा है।जिससे केंद्र सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजना कागजो तक ही सिमट के रह गयी है।जानकारी के अनुसार विकाश खण्ड करछना के अधिकांश गांवो में ग्रामीणों की सुविधा के लिए सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालय बनवाया गया है।जिसमे से कुछ गांवो को छोड़कर बाकी सभी गांवो में सामुदायिक शौचालय शोपीस बनकर रह गये है।यंहा तक कि शौचालय कब खुलता है और कब बंद होता है आस पड़ोस के लोग भी नही बता पा रहे है।इससे अनुमान लगाया जा सकता है।जंहा बसरिया ,हरदुआ सहित विकास खंड के अधिकांश गांवों में निर्मित सामुदायिक शौचालय आधे अधूरे हालत में लाखों खर्च के बाद भी बेकार साबित हो रहा है।और पंचायत भवन में ताला लटकता रहा।पंचायत भवन प्रांगण में बने विवाह घर के अंदर भूंसा रखा रहा। जिसकी ग्रामीणों ने विभागीय उच्चधिकारियों से भौतिक निरीक्षक कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए शासन के योजनाओं को क्रियान्वन करने की मांग की है।

**पंचायतों में बने सामुदायिक शौचालय चल रहे हैं कागजों पर, केयर टेकर को बिना काम के घर बैठे मिल रहा वेतन**



# बारह करोड़ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कार्य एक माह में पूर्ण होगा : बृजेशानंद महाराज

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** प्रयागराज जमुनापार तहसील करछना के भडेव्रा गांव में द्वादश ज्योतिलिंगों को समर्पित 12 करोड़ पार्थिव शिवलिंगों के होने जा रहे निर्माण हेतु सोमवार को प्राचीन शिव मंदिर पर ग्राम प्रधान अनुराधा देवी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई ।जिसमें बतौर मुख्य रूप से महायज्ञ अनुष्ठान के अधिष्ठाता पूज्य बृजेशानंद महाराज जी मौजूद रहे । उन्होंने बताया कि जनकल्याण हेतु द्वादश ज्योतिलिंगों को समर्पित 12 करोड़ पार्थिव शिवलिंगों के निर्माण हेतु भडेव्रा गांव को केंद्र बनाया गया है । जिसमें 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक 1माह तक लोगों सहित महिलाओं की ओर से पार्थिव शिवलिंगों निर्माण प्रतिदिन किया जाएगा। और रोज पार्थिव रुद्राभिषेक, आरती संपन्न होगी । उन्होंने बताया कि भडेव्रा गांव केंद्र की अध्यक्षता संबंधित ग्राम प्रधान अनुराधा देवी को चुना गया है। इनकी अगवाई में 1 माह तक शिवलिंगों का निर्माण किया जाएगा। व्यवस्थापक के रूप में शिवम मिश्र व राजमणि विश्वकर्मा रहे । इस मौके पर चोलाराम ओझा, प्रभात विश्वकर्मा,बबलू विश्वकर्मा , सरस्वती देवी, आशादेवी, शशि देवी, अनारकली विश्वकर्मा, सुषमा देवी, कल्पना देवी, आशीष विश्वकर्मा, हर्षित विश्वकर्मा ,राजा विश्वकर्मा , बाबूजी विश्वकर्मा, नवीन ओझा , निर्मला देवी , अर्जुन प्रसाद पांडेय ,आभा विश्वकर्मा सहित महिलाएं लोग मौजूद रही।

# अंसार क्लब मंडौर बना कैश मनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का चैंपियन

**उतरांव।** ब्लॉक बहादुरपुर अंतर्गत अंसार क्लब वॉलीबॉल प्रतियोगिता मंडौर गांव में अंसार क्लब के सौजन्य से ए.पी.जे.अब्दुल कलाम आजाद क्रीड़ा स्थल पर आयोजित एक दिवसीय कैशमनी वॉलीबाल प्रतियोगिता की ट्रॉफी अंसार क्लब मंडौर,फूलपुर ने जीत ली। प्रतियोगिता में कुल 26 टीमों ने प्रतिभाग कर अपने खेल-कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुरू होने से पहले अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय मंत्री काशी क्षेत्र अल्पसंख्यक मोर्चा बीजेपी के मंत्री सैफुल अब्बास ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला अफजाई किया। देर रात्रि खेले गए प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एंबीशन क्लब पुलिस लाइंस प्रयागराज और अंसार क्लब मंडौर,फूलपुर के बीच खेला गया। जिसमें अंसार क्लब मंडौर ने एंबीशन क्लब पुलिस लाइंस की टीम को सीधे दोनों सेटों में 25 - 19 और 25 - 21 अंकों से हराकर कैशमनी वॉलीबाल प्रतियोगिता की चम-चमाती ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजेता टीम के अब्दुल्ला, विवेक शुक्ला व आजम खां तथा उपविजेता टीम के सुरेंद्र कुमार, अंकित व अभिषेक का खेल बहुत ही सराहनीय रहा। वहीं प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैचों के दौरान अतिथि के रुप मे उपस्थित ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया था। प्रतियोगिता के प्रथम सेमीफाइनल मैच में एंबीशन क्लब पुलिस लाइंस की टीम ने रेलवे कोरल क्लब प्रयागराज की टीम को 25 - 20, 22 - 25 और 25 - 18 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। वहीं दूसरे सेमीफाइनल मैच में अंसार क्लब मंडौर ने राजू युवा स्पोर्टिंग क्लब की टीम को 25 - 23 और 26 - 24 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। प्रतियोगिता विकास बाल्मीकि, राजू, सुभाष, उबैद व विनोद आदि ने निर्णायक की भूमिका अदा की। प्रतियोगिता के समापन मकसूद अहमद व ग्राम प्रधान बेलाल अहमद की गरिमामयी उपस्थिति में विजेता टीम अंसार क्लब मंडौर,फूलपुर को ट्रॉफी व ग्यारह हजार रुपये की नगद धनराशि मयूर टेलर्स की तरफ से तथा उपविजेता टीम एंबीशन क्लब पुलिस लाइंस प्रयागराज की टीम को ट्रॉफी व सात हजार रुपये की नगद धनराशि ग्राम प्रधान पति बेलाल अहमद की तरफ से प्रदान की गई। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष आजम खां ने प्रतियोगिता में पधारें सभी अतिथियों का बैच लगाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार विजेता टीम के खिलाड़ी विवेक शुक्ला को प्रदान किया गया। वहीं मैन ऑफ दी सीरीज का पुरस्कार अब्दुल्ला को तथा बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार उपविजेता टीम के खिलाड़ी अभिषेक कुमार को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं कमेंट्री मो.जैक सेख(आजमगढ़) एवं अजय यादव ने किया। आयोजन समिति द्वारा मेजबान अंसार क्लब मंडौर के पूर्व वॉलीबाल खिलाड़ी बच्चें मियां, मो.यूनुस, विनोद यादव उर्फ पाले, मो.हुसैन, संजय सिंह व मो.अल्ताफ को शाल व माल्यार्पण कर सभी को सम्मानित किया। अध्यक्ष हसीब अहमद प्रतियोगिता में पधारें सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, निर्णायकों व समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर साकेत सिंह, मकसूद अहमद, मो.यूसुफ खां, हरिकेश विश्वकर्मा, अजय यादव,आदि खिलाड़ी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**क्षेत्रीय मंत्री काशी क्षेत्र के सैफुल अब्बास को फूलमालाओं से खिलाड़ियों ने किया स्वागत**



# ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

## विजेता व उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव।** ब्लॉक सैदाबाद के परिषदीय विद्यालयों का ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सोमवार को नेहरू ग्राम औद्योगिक इंटर कॉलेज सरायवंशी में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो के बीच संपन्न हो गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सैदाबाद अखिलेश यादव ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । प्राथमिक स्तर 100 मीटर की दौड़ में बालक वर्ग में मलेथुआ विद्यालय के हितेश प्रथम व पट्टीराम के अमित दूसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में सिठौली की मुस्कान प्रथम व चकसिकंदर की शिव्या दूसरे स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ जूनियर स्तर बालक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय चकसिकंदर के दीपांशु प्रथम व आराकला का संजीत दूसरे स्थान पर रहा। वही बालिका वर्ग में कंपोजिट पट्टीराम की अंतिम प्रथम चकसिकंदर की बेबी दूसरे स्थान पर रही। प्राथमिक स्तर कबड्डी बालक वर्ग में उतराव संकुल की टीम प्रथम, व जलालपुर दूसरे स्थान पर रही, वही जूनियर कबड्डी बालक वर्ग में दुमदुमा प्रथम व बरेठी दूसरे स्थान पर रही। बालिका वर्ग कबड्ड़ी में चकसिकंदर की टीम प्रथम व चांदोपारा की टीम दूसरे स्थान पर रही। पीटी में कंपोजिट विद्यालय मलेथुआ की टीम विजेता रही। लंबी कूद में चकसिकंदर विद्यालय के विकास प्रथम व मदार्पुर के प्रकाश दूसरे स्थान पर रहे। गोला फेक जूनियर बालक व बालिका वर्ग में चकसिकंदर के सूरज व अंजली प्रथम स्थान पर रहे। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अशोक कुमार मौर्य ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी शंकर यादव ने किया। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक राम प्यारे पाल, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्र, ब्लॉक स्काउट मास्टर बालकदास सरोज, गाइड कैप्टन श्रद्धा श्रीवास्तव, बलवंत सिंह, ऋषिराज सिंह सहित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता को संपन्न कराने में संदीप शुक्ला, सुरेंद्र यादव, अंबुज पांडेय, अजीत कुशवाहा, दिलीप यादव, नीरज मौर्या आदि खेल अनुदेशकों की सराहनीय भूमिका रही।

### पुलिस ने गोवध के वारन्टी को गिरफ्तार कर भेजा चालान

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना के पुलिस कर्मियों ने ग्राम रामपुर डांडी निवासी बब्बू लाल पुत्र श्रीराम को गोवध का जारी वारंट पर गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

# अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो कि दर पे सुदामा गरीब आ गया है...



**जंघई।** भोगीपुर, सेमरी गांव में कथा व्यास कुलगुरु पंडित शंभूनाथ शुक्ल महाराज ने मुख्य यजमान रविशंकर तिवारी लालजी एवं गीता देवी के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में समापन दिवस पर सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए, यह हम भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा जी से समझ सकते हैं। महाराज ने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी सुशीला के आग्रह पर अपने मित्र बाल सखा सुदामा से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचें सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर अपने गले से लगा लिया और सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया । कृष्ण सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन करते हुए उनको राज पाट देकर विदा किया। इस दृश्य को देखकर श्रोता भावविभोर हो गए और सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा किया। कथा में यज्ञाचार्य पंडित उमेश शुक्ला, महंथ चंद्रमा दास महाराज, गिरिजा शंकर तिवारी रामजी, ध्रुव नारायण तिवारी, हूबनारायण तिवारी, पंडित शिवम शुक्ला, अभिनवानंद महाराज, अशोक तिवारी, प्रवीण तिवारी जेई सिंचाई विभाग, अजय तिवारी, अनुभव तिवारी, विजय मिश्रा, प्रदीप तिवारी, संदीप तिवारी, रोहित ब्राह्मण, आशीष तिवारी, विनय तिवारी, अभिषेक, प्रत्युष सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### उग्रसेनपुर की रामलीला भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक एवं मेले के साथ संपन्न



**प्रतापपुर।** जय बजरंग रामलीला कमेटी हनुमान मंदिर उग्रसेनपुर की रामलीला रविवार को श्रीराम राज्याभिषेक एवं मेले के साथ संपन्न हो गई। जैसे ही राम लक्ष्मण सीता वनवास से अयोध्या वापस आए पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया गया। गुरु वशिष्ठ की आज्ञा पर विधि विधान से श्रीराम का राज्याभिषेक मंचन किया गया इस दौरान मौजूद दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इसके पश्चात आकर्षक राम दरबार सजाया गया जहां प्रभु श्री राम, माता जानकी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमानजी का कमेटी के पदाधिकारियों ने आरती उतार कर आशीर्वाद लिया रामलीला एवं मेला देखने भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। इस अवसर पर कृपाशंकर मिश्रा, विवेक मिश्रा भोले, जितेंद्र तिवारी व्यास, मुन्ना यादव, शिव भोले सिंह, मुन्ना मिश्रा, ओम मिश्रा, अनिल कुमार मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, प्रवेश मिश्रा, अनिरुद्ध तिवारी, साहनी मोदनवाल, विजय तिवारी, अश्विनी मिश्रा, दीपक सिंह, साधू सिंह गहरवार, संतोष सिंह, विकास मिश्रा, राकेश कुमार मिश्रा, श्याम कृष्ण, गौरव मिश्र, सूरज तिवारी, अनिरुद्ध सिंह, अभिषेक मिश्रा, बाबा तिवारी, विभव शुक्ला, जगदीश मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### पार्वती देवी पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में रंगोली प्रतियोगिता



**कोरांव।** पार्वती देवी पब्लिक विद्यालय रतोरा कर पिया कोरांव की छात्राए प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में कक्षा 8 की छात्राए सभ्या कुशवाहा, साक्षीयादव ,प्रियंका गुप्ता ,दीपिका जायसवाल और कंचन कुशवाहा 7की छात्राए अंकिता कुशवाहा, कृतिका जायसवाल, मांसी सिंह,कोमल कुशवाहा,अंजली गुप्ता,किरन सिंह, 6 की छात्राएं प्रिया यादव,परी जायसवाल, खुशी कुशवाहा, रंजना ,साहिबा, एवं संत गौतमबुद्ध अकेडमी की छात्राएं मानवी,संध्या, सोनाक्षी,राधिका,अदिति सिंह, दीप्ती ,पंखुड़ी कुशवाहा,प्रज्ञा सिंह कुशवाहा आदि छात्राओ ने भाग लिया।

# धनतेरस को लेकर बाजारों में खरीदारी तेज




**मांडा।** धनतेरस को लेकर मांडा, भारतगंज, मांडा रोड,चिलबिला,नहवाई,हाटा, खवासतारा, सुरवादलापुर आदि विभिन्न बाजारों में दुकानें सज गई हैं। गुरुवार से ही बाजार में खरीदारों की भीड़ आने लगी है। धनतेरस दस नवंबर दिन शुक्रवार को है। धन और संपन्नता के प्रतीक कुबेर देव की इस दिन पूजा की जाती है। धन तेरस के साथ ही दीपावली का पंच दिनी प्रकाश पर्व शुरू हो गया। मांडा,भारतगंज आदि बाजारों में लक्ष्मी, गणेश की मूर्ति, सजावटी लाइट, मिठाई, पटाखे, फुलझड़ी आदि से पूरी तरह सज गए हैं। वहां खरीददारों की भीड़ जुट रही है। मान्यता के अनुसार धनतेरस के दिन सोना-चांदी और नए बर्तन खरीदने की परंपरा है। ज्ञात हो कि कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। इस साल धनतेरस 10 नवंबर दिन शुक्रवार को है अर्थात आज है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन समुद्र मंथन से अमृत कलश निकला था और देवताओं के वैद्य धनवंतरी अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसलिए आरोग्य के लिए इस दिन धनवंतरी की उपासना भी की जाती है। धन और संपन्नता के लिए इस दिन कुबेर देव की पूजा की जाती है।

## श्रीराम जानकी मंदिर कुटी जंघई में कल 1100 दियों से दिव्य दीपोत्सव

**जंघई।** दीवाली पर्व के शुभ अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में दीपोत्सव कार्यक्रम के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी श्रीराम जानकी मंदिर कुटी, जंघई में दीपोत्सव कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है। आयोजकों ने सभी राम भक्तों से निवेदन किया है कि इस शुभ अवसर पर उपस्थित होकर इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। कार्यक्रम में 30 अक्टूबर को सुंदरकांड शाम 4.15 बजे से होगा तत्पश्चात दिव्य दीपोत्सव शा 6 बजे से किया जाएगा जिसमें 1100 दीपक मंदिर परिसर में जलाकर भव्य दीवाली मनाई जाएगी।

# लालापुर थाना क्षेत्र के बघला, लौदखुर्द गांव में शराबियों का बढ़ा आतंक

**प्रधान नें की लालापुर थाने में लिखित शिकायत कार्यवाही शून्य**

**जाति सूचक एवं गांव समाज को दे रहा है खुलेआम गालियां**

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के लौदखुर्द,बघला गांव में इन दिनों सड़कों पर आए दिन कुछ पियक्कड़ों से ग्रामवासी खासा परेशान है जिसकी वजह से आसपास के दुकानों से ग्राहकों ने दूरियां बना ली है । और वहीं लालापुर पुलिस कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के गावों की हालत इन दावों की पोल खोल रही हैं । जहां शाम ढलते ही बघला गांव की सड़के मयखाने में तब्दील हो जाती हैं । आबकारी अधिनियम के तहत सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना अपराध है , लेकिन पुलिस और आबकारी विभाग की मेहरबानी से लालापुर थाना क्षेत्र के लौदखुर्द,बघला गांव की सड़कों पर शराबियों द्वारा देर रात तक नियमों की धज्जियां उड़ाई जाती हैं । आपको बता दे की ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों ने आरोप लगाया है कि गांव के ही राजेश कोल पुत्र मदन मोहन कोल व ज्ञान प्रकाश उर्फ अंकुश कोल पुत्र रणकेंद्र कोल द्वारा रात्रि को करीब 9 से 10 बजे के बीच अत्यधिक शराब पीकर गाली गलौज व मारपीट की धमकी देता रहता है । लौदखुर्द बघला गांव के मुख्य चौराहों पर शाम होते ही सड़के मयखाने में तब्दील हो जाती हैं, चखना बेचने वालों से लेकर ठेला पर समोसा लगाने वालों के पास सड़कों पर पीने वालों का दौर शुरू हो जाता है । सब कुछ जानने समझने के बावजूद न तो आबकारी विभाग इस तरफ ध्यान देता है और ना ही स्थानीय पुलिस । लौदखुर्द,बघला की सड़कों पर शाम के बाद ग्रामवासी शराबियों के आतंक से आने,जाने से कतराते हैं । क्योंकि वहां देर रात तक गाली गलौज जैसी स्थिति बनी रहती है और कुछ कहने पर उक्त शराबी झगड़े पर आपदा हो जाते हैं इन पियक्कड़ों की वजह से लौदखुर्द,बघला गांव की सड़के अक्सर शराबियों की वजह से जाम रहती है । इन शराबियों की वजह से आम नागरिकों को आने,जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और आए दिन सड़कों पर विवाद की स्थिति बनी रहती है । जिसका खामियाजा आसपास के दुकानदारों व ग्राम वासियों को भुगतना पड़ता है । ग्राम प्रधान व ग्राम वासियों ने लालापुर थाना अध्यक्ष को लिखित शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया है कि उक्त मनबढ़ शराबी खुलेआम घूम,घूम कर चौराहा व गलियों में जाति सूचक शब्द का नाम लेकर में गालियां भी देता हैं। अध्यक्ष अजय मिश्रा नें बताये की प्रधान नें अप्लीकेशन दिए है जांच कर कारवाही किया जायेगा।

# सपा प्रत्याशी पर फिर माफी मांगी, जातिसूचक शब्दों का किया था इस्तेमाल, बसपा नेता ने एससी-एसटी एक्ट में कराया केस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर प्रचार तेज हो गया है। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मुज्तबा सिद्दीकी पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने, अपशब्द कहते हुए राजनीतिक बयानबाजी करने का मुकदमा दर्ज हो गया।

सपा प्रत्याशी पर एफआईआर बहुजन समाज पार्टी के फूलपुर विधानसभा अध्यक्ष राजकुमार गौतम ने दर्ज कराई है। हालांकि बाद में मुज्तबा सिद्दीकी ने माफी मांग ली। उनका कहना है कि बहुजन समाज के लोगों को



जातिसूचक अपशब्द कए गए। गंगापार के सराय इनायत थाने में दर्ज हुई इस एफआईआर में एससी-एसटी एक्ट के धाराएं लगी हैं।मामला फूलपुर विधानसभा में सरायइनायत क्षेत्र में प्रचार के दौरान का है। सपा प्रत्याशी मुज्तबा सिद्दीकी ने मीडिया के सवालों के जवाब में कुछ शब्दों का इस्तेमाल किया था।

**मुज्तबा ने पेश की सफाई, मांगी माफी :** सपा प्रत्याशी मुज्तबा सिद्दीकी ने इस मामले पर सफाई दी है। एक तरह से उन्होंने माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि वह लंबे अरसे तक बहुजन समाज पार्टी में थे। ऐसे में उसी के संदर्भ में यह बात मुंह से निकल गई। उनका कहना है कि अगर उनकी बातों से किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो वह सार्वजनिक तौर पर माफी मांग रहे हैं।

## 7 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र रिजेक्ट

**प्रयागराज।** फूलपुर सीट पर हुए नामांकन पत्रों की सोमवार को जांच की गई। कुल 19 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, इसमें 7 लोगों के नामांकन पत्र निरस्त कर दिए। इनमें त्रुटियां पाई गई थी। इसके बाद अधिकारियों ने वैध मिले 12 नामांकन पत्रों की सूची जारी कर दी।जिनके नामांकन पत्र निरस्त किए गए हैं उनमें परिवर्तन समाज पार्टी की ऊषा, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के राज नरायन पटेल, भारत जोड़ो पार्टी के मो. नसीम हाशमी, भारतीय किसान सेना लोकतांत्रिक के जयसिंह यादव व निर्दलीय आवदेन करने वाले भानु प्रताप सिंह, शिवा सेठ व रमेश चंद्र हैं। इन सातों लोग अब चुनाव प्रक्रिया से बाहर हो चुके हैं।भाजपा के दीपक पटेल, सपा के मुज्तबा सिद्दीकी, बसपा के जितेंद्र कुमार सिंह, प्रगतिशील समाज पार्टी के योगेश कुशवाहा, आजाद समाज पार्टी कांशीराम शाहिदा खान, राष्ट्रीय समाज पक्ष के कमलेश कुमार, अपना दल कमेरावादी के दिलीप कुमार, निर्दल प्रत्याशी रीता कुशवाहा, गायत्री, दिलीप कुमार, सुरेश चंद्र यादव व विकास सिंह का पर्चा वैध पाया गया है। यह प्रत्याशी के रूप में चयनित हो गए हैं। यह सभी अब प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में दिखेंगे। अब 30 अक्टूबर को पर्चा वापस लेने का एक मौका मिलेगा।

## कर्मचारियों ने शुआट्स में वेतन के लिए किया हंगामा

**नैनी।** नैनी स्थित शुआट्स में एक बार फिर कर्मचारियों ने आंदोन का मन बना लिया है। वेतन न मिलने से नाराज सिक्योरिटी कर्मचारियों ने सोमवार को सिक्योरिटी ऑफिस के बाहर एकत्र होकर हंगामा किया। हालांकि कॉलेज 27 अक्तूबर से ही बंद होने के कारण प्रबंधन का कोई अधिकारी मौके पर नहीं मिला। नाराज सिक्योरिटी कर्मचारियों को मनाने के लिए प्रबंधन ने उनका आधा वेतन दे दिया। जिसके बाद हंगामा समाप्त हुआ।

## ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**नैनी।** नैनी छिवकी स्टेशन दुबराजपुर क्रॉसिंग के पास रविवार रात ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत हो गई। बताया जाता है कि रविवार रात लगभग साढ़े दस बजे नैनी छिवकी रेलवे स्टेशन के पास गेट सं० 34 ए दुबराजपुर क्रासिंग पर अविनाश चन्द्र गौड़ पुत्र स्व० फूलचन्द्र निवासी कुखुड़ी थाना कौधियारा ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। सोमवार सुबह जीआरपी ने औपचारिकताएं पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के। लिए भेज दिया।

# सदाफल आरोग्यम में 31 लोगो ने किया रक्तदान



**झूंसी।** संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर सदाफल आरोग्यम की तरफ से महर्षि सदाफल देव आश्रम में विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 31 अनुयाइयों ने रक्तदान कर महादानी बने। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ विहंगम योग सन्देश के सम्पादक सुखनन्दन सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन करके प्रारम्भ किया गया। जिसमें आश्रम के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, विजय बहादुर सिंह, डॉ. सच्चिदानन्द प्रसाद, सत्यारमण सिन्हा, योगेन्द्र गुप्ता, रामबाबू केशरवानी व सदाफल आरोग्यम् की टीम के साथ रक्त-संग्रह हेतु राजकीय रक्त केन्द्र तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय, प्रयागराज की डॉ0 ऋचा कक्कड़ (एम.ओ .), डॉ. पंकज कुमार, अजय मिश्र, हेमंत शुक्ल, आलोक कुमार ने अपनी सेवा दी। जानकारी देते हुए धर्मेंद्र ठाकुर ने बताया की गुरुदेव के जन्म दिवस के अवसर पर विश्वव्यापी रक्तदान शिविर का आयोजन देश-विदेश में किया जाता है जिसमें हजारों यूनिट की संख्या में लोग रक्तदान करते हैं।

# नैनी छिवकी स्टेशन पर पकड़े गए कछुआ तस्कर



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी छिवकी रेलवे स्टेशन पर दो वन्यजीव तस्कर 14 कछुओं समेत पकड़े गए हैं। स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर जीआरपी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने दलबल के साथ चेकिंग के दौरान सुल्तानपुर जिले के रहने वाले दो वन्यजीव तस्करों अच्छे पुत्र लखन तथा गोविंद पुत्र पवन निवासी महेसुआ थाना हनुमानगंज को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बरामद बैग व झोले से दुर्लभ प्रजाति के 14 कछुआ को बरामद किया। मौके पर कार्रवाई के लिए वन विभाग करछना रेंज के उपनिरीक्षक आशीष कुमार चौबे व पीयूष दुबे व महेंद्र कुमार वन रक्षक की टीम को बुलाकर दोनों आरोपियों तथा 14 दुर्लभ प्रजाति के कछुओं को सुपुर्द किया गया।

## बाइक सवार युवक डिवाइडर से टकराया, हालत गंभीर

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के रामनगर बाजार में डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सराय इनायत थाना के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत बभनकुईयां गांव निवासी नियाज अहमद (23) पुत्र मुख़्तार अहमद सोमवार सुबह अपने चाचा की पल्सर बाइक लेकर किसी काम से थरवई थाने के मेडुआ व गारापुर गांव गया हुआ था। वहां से वापस अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह रामनगर बाजार के सामने पहुंच ही था कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर बने डिवाइडर से टकरा गई। जिससे नियाज के सिर में गंभीर चोट लगने से खून अधिक बह गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थरवई पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो उसके जेब में मिले मोबाइल से उसकी बुआ नाजरीन बानो से बात हुई। थरवई पुलिस ने लिखा पढ़ी करते हुए सरकारी एंबुलेंस से उपचार हेतु घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनी भिजवाया। सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों ने जांच पड़ताल के बाद स्थिति को गंभीर देख शहर के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने तत्काल घायल नियाज को लेकर प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# विधानसभा उप चुनाव के मद्देनजर थरवई पुलिस टीम व पीएसी जवान द्वारा किया पैदल मार्च

### अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही : इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार गौतम

**अखंड भारत संदेश**



**थरवई।** विधानसभा उपचुनाव को लेकर थरवई पुलिस ने पैदल मार्च किया। पुलिस ने ग्रामीणों से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। हालांकि भारी संख्या में पुलिस बल देख ग्रामीणों में तरह तरह की चचाएं शुरू हो गई। थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में फुलपुर विधानसभा के मद्देनजर थाना क्षेत्र थरवई के गारापुर एवं हेतापट्टी में पुलिस व पीएसी बल के साथ पैदल मार्च किया। पैदल मार्च के दौरान थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों से कहा कि भयमुक्त होकर मतदान करें। कोई कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करे तो पुलिस को सूचना दें। पुलिस उसके खिलाफ विधिक कड़ी कार्रवाई करेगी। सोशल मीडिया पर निगरानी की जारी है और कहा कि कहा सभी सौहार्द पूर्वक त्योहारों मनाने की अपील की। लोगों से वर्तमान में प्रभावी आदर्श आचार संहिता के पालन की अपील की। चुनाव में आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाएगा। पुलिस ने ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। इस मौके इंस्पेक्टर थरवई अरविन्द कुमार गौतम महिला एस आई दिव्या यादव, प्राची यादव, निधी पटेल सहित कई पुलिस कर्मी व भारी संख्या में पीएसी जवान मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### अरैल महाकाल घाट पर गंगा आरती में शामिल हुई महामंडलेश्वर हिमांगी सखी मां



**नैनी।** नैनी अरैल स्थित महाकाल घाट पर सोमवार शाम को गंगा आरती में किन्नर भगवताचार्य कथा वाचक हिमांगी सखी मां ने भाग लिया। महाकुम्भ के आगाज के साथ साधु संतो और महात्माओं के संगम नगरी में आने का सिलसिला शुरू हो गया है। सोमवार को किन्नर भगवताचार्य महामंडलेश्वर हिमांगी सखी माँ ने अनुयायियों संग अरैल स्थित महाकाल घाट पर मां गंगा की आरती उतारी।महामंडलेश्वर हिमांगी महाकुम्भ मेले तक प्रयागराज में रहेंगी। आरती में उनके साथ में डॉ. श्याम प्रकाश द्विवेदी, एडवोकेट अनीश नारायण द्विवेदी, महाकाल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष पवन द्विवेदी, सिद्धार्थ भारद्वाज, सर्पमित्र अंकित टार्जन, शुभम केसरवानी, आशीष निषाद, आराधना द्विवेदी, पूजा द्विवेदी, आकाश वर्मा, जय शंकर शुक्ला, पत्रकार अखिलेश शुक्ला, देवा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहें।

### दो मोबाइल चोर पकड़े, 7 फोन बरामद



**प्रयागराज।** प्रयागराज में यमुनानगर के नैनी कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दो मोबाइल चोरों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 7 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए। ये गिरफ्तारी प्रयागराज के नैनी कोतवाली क्षेत्र के उडऊरोड धनुहां पार्किंग के पास से सोमवार की शाम हुई।नैनी कोतवाली में 27 अक्तूबर को दशहरा मेला था। मेले में समीर निवासी बभन कुईया सहसो, सराय इनायत अपने दोस्तों के साथ मेला देखने आया था। वहीं पर उसका रियलमी कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल चोरी हो गया। उसने नैनी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आज दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कबूल किया कि मामा-भांजा मेले के दौरान उन्होंने भीड़ का फायदा उठाकर लोगों की जेब से मोबाइल चुराए थे। पुलिस ने इनसे सात चोरी के मोबाइल बरामद किए, जिनमें विभिन्न कंपनियों के की-पैड और एंड्रायड फोन शामिल हैं। नैनी कोतवाली पुलिस के मुताबिक पकड़े गए चोर नया पुल, परेड ग्राउंड, कीडगंज, प्रयागराज निवासी हैं। एक के पास से अउए की-पैड मोबाइल, वीवो और रियलमी के एंड्रॉयड फोन बरामद किए गए। जबकि दूसरे के पास से मोटोरोला, नोकिया की-पैड फोन और वीवो एवं मोटोरोला के एंड्रॉयड फोन बरामद किए गए हैं।

### तीन शातिर बाइक चोरों के पास से पुलिस ने तीन चोरी की बाइक बरामद कर भेजा जेल

**एक शातिर बदमाश के ऊपर थरवई में दर्ज है सात मुकदमा**



**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना के सब इंस्पेक्टर अमरेंद्र सिंह, कांस्टेबल अमरेश, ओमप्रकाश सिंह, गुलाब सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, सुधाकर तिवारी आदि सोमवार को दोपहर में मुखबिर की सूचना पर कंचनपुर मार्ग से होते हुए हरखपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास से तीन संदिग्धों को हिरासत में ले कर पूछ ताछ की। तो एक ने अपना नाम शिवम रावत पुत्र सुरेश ग्राम हंसराजपुर होलागढ़,दूसरे ने अपना नाम सूरज कुमार पुत्र स्वर्गीय सुभाष चन्द्र ग्राम नदियानी बसखेडा थाना थरवई,तीसरे ने अपना नाम राहुल कुमार पुत्र रामशरण ग्राम भानेमऊ मऊआइमा बताया। तथा चोरी की तीन बाइक जिसमें एक अपाची,दो स्प्लेंडर बरामद कराया। मऊआइमा थाना प्रभारी के अनुसार सूरज कुमार एक शातिर बदमाश है।जिसके खिलाफ थरवई में सात मऊआइमा में एक मुकदमा दर्ज है। बताया गया है कि चोरी की तीन बाइकों में एक बाइक भानेमऊ मऊआइमा निवासी अबरार अहमद एडवोकेट की है।जो घर के सामने से चोरी हो गई थी। मऊआइमा पुलिस ने तीनों चोरों के खिलाफ लिखापढ़ी कर के जेल भेज दिया।

# कोपा ट्रेड में अभिषेक को मिला गोल्ड मेडल सर्वश्रेष्ठ नागरिक बनने की ली शपथ

**नैनी।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौशल विकास का अध्ययन करने से छात्रों को विविध प्रकार के कौशल विकसित करने में मदद मिलती है जो न किसी एक पेशे में बल्कि विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी मूल्यवान है इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण केन्द्र के एक अभियान चलाया जिसमें उन्होंने लोगों को जागरूक करने के लिए प्रॉस्पेक्टस का वितरण किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मिश्रा बंधु रोहित पांडे मोहम्मद कौसर आदि लोग मौजूद रहे मोहम्मद कौसर एडमिशन इंचार्ज एन आई टी सी ने बताया वह शैक्षणिक सुविधाओं और प्रशिक्षण प्लेसमेंट से बहुत संतुष्ट हैं, उन्होंने घोषणा की कि एनआईटीसी प्रयागराज में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण और कौशल विकास केंद्रों में से एक है



कोपा ट्रेड बैंक ,पुलिस एवं अन्यसरकारी कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती में मान्य है यहाँ गुरु शिष्य परम्परा का पालन होता है एवं छात्रों का सम्मान करते हुये कहा कि यह केंद्र के लिये गौरव की बात है केंद्र के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। मिश्रा बंधु ने पेटेंट के डिस्प्ले बोर्ड का उद्घाटन भी किया ईवम 88 प्रतिशत प्राप्त कोपा ट्रेड के स्टडनेट को गोल्ड मेडल पहचान कर सम्मान दिया गया मिश्र बंधु ने बताया कि ये देश का पहला आईटी आई है जिसके नाम पर पेटेंट प्रकाशित है।

## समाचार पत्र विक्रेताओं ने शोक सभा किया

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के समाचार पत्र विक्रेता के माता का आकस्मिक निधन होने पर समाचार पत्र विक्रेताओं ने शोक सभा किया। जानकारी के अनुसार नैनी क्षेत्र के चाका निवासी आनंद राय व संजय राय की माता रतन देवी का रविवार को शनिवार रात देहांत हो गया। रतन देवी का अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट किया गया। वही नैनी के समाचार पत्र विक्रेताओं ने मेवालाल कि बगिया सेंटर पर रविवार सुबह दो मीनट का मौन रख कर उनके आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की। शोकसभा मे रंजीत केशरवानी, घनश्याम केशरवानी, प्रमोद शर्मा, मनोज शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, विजय यादव, मोहम्मद अहमद, गोपाल जी, कौशल शर्मा आदि पत्र विक्रेता उपस्थित रहे।

# पिता पेंशनभोगी है, तब भी मां की मौत पर बेटी अनुकंपा नियुक्ति की हकदार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि पिता पेंशनभोगी है, तब भी सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत मां की मौत पर बेटी अनुकंपा नियुक्ति की हकदार है। जिस्टस प्रकाश पाडिया की अदालत ने मुरादाबार की फरहा नसीम की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने बीएसए के आदेश को रद्द कर छह सप्ताह के भीतर नया पारित करने के लिए भी कहा है।सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत रहीं नसीम की मां शहाना बी की दो नवंबर 2023 को मौत हो गई थी। नसीम ने बीएसए के समक्ष अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया। नसीम की बहनें सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। वहीं, पिता सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में याची को कोई वित्तीय संकट नहीं है। इन्हीं दो बिंदुओं को आधार बना बीएसए के 12 जून 2024 के आदेश से अनुकंपा नियुक्ति के आवेदन को खारिज कर दिया गया। इसके बाद याची ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी।बहनों की नौकरी और पिता की पेंशन का दावा नियुक्ति रोकने का आधार नहीं। याची के वकील कमल कुमार केशरवानी ने दलील दी कि बीएसए का आदेश अवैध है। याची की बहनों की शादी मां की मृत्यु से पहले हो चुकी है। बहनें कहीं काम कर रही हैं। इस वजह से याची की अनुकंपा नियुक्ति से इन्कार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता की अनुकंपा नियुक्ति का दावा जिन दो आधारों पर खारिज किया गया, वह कानून की नजर में टिकाऊ नहीं हैं।

# गरीब असहायों की सेवा एवं मदद करने से मुझे मिलती है खुशी : रुचि तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा की बेटी की अनोखी पहल, दीपावली पर्व के दो दिन पूर्व पदाधिकारियों संग मुसहर एवं आदिवासी बस्तियों में पहुंच बांटा उपहार, दी दीपावली की शुभकामनाएं**



**मेजा।** चेहरे पर मुस्कान लिए गरीबों,असहायों की सेवा एवं समर्पण के लिए संकल्पित शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी ने दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में समाज के अंतिम पायदान पर जीवन यापन कर रहे मुशहर और आदिवासी बस्तियों में अपनी टीम के साथ जाकर उपहार वितरित किया और दीपावली की बधाई भी दिया ।

उल्लेखनीय है कि गरीबों की सेवा एवं बेटियों की सुरक्षा के लिए संकल्पित मेजा की इकलौती बेटी तथा प्रदेश सचिव रुचि तिवारी ने शिवसेना के पदाधिकारियों के साथ सोमवार को मेजा विकास खंड के तेंदुआ कला,गेंदुरही,कोहड़ार सहित कई अन्य बस्तियों में जाकर दीपावली के अवसर पर मिष्ठान,फल सहित अन्य सामग्री उपहार में भेंट करते हुए कहा कि मुसहर व आदिवासी बस्तियों में रहने वाले गरीबों की मदद कर मैं बेहद खुश हूं। समाज में ऐसे लोगों की मदद के लिए प्रत्येक समाजसेवियों को आगे आना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि गरीब असहायों के चेहरे पर मुश्कान देखकर खुशी मिलती है, मैं स्वयं की इस पहल से काफी गौरवान्वित हूं।इतना ही नहीं शिवसेना प्रदेश सचिव ने यह भी कहा कि मेरी दीपावली तभी शुभ होगी, जब समाज के अंतिम पायदान पर जीवन यापन कर रहे लोगों के घरों में दीपावली का पर्व हंशी खुशी से मनेगा। उन्होंने कहा कि इसे अवसरों पर समाज के सक्षम लोगों को अवश्य प्रयास करना चाहिये कि ऐसे गरीब लोगों के घरों में भी दीपावली पर्व पर हसीं खुशी से दीपक जले और उन्हें किसी भी प्रकार का अभाव महसूस न हो। उपहार वितरण के इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष जैन (महाजन),जिला प्रमुख शिवसेना सोनू सेठ, प्रेमनाथ मिश्र,ओम नमः शिवाय तिवारी,जिलाप्रमुख युवा शिवसेना शशिकांत भारतीया, रामकांत पांडेय,शिवाकांत दुबे, रोहित शुक्ला, विनय तिवारी, राजू दुबे, कुलदीप तिवारी तथा अनुपम पांडेय आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## चनेथू में 63 वें वर्ष की रामलीला दो दिवसीय मेले के साथ संपन्न

**जंघई।** आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू की रामलीला मंचन में एक सप्ताह तक रामलीला मंचन किया गया जिसमें प्रतिदिन भारी संख्या में दर्शक रामलीला मैदान में पहुंचें।रामलीला संपन्न होने के पश्चात दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने खरीददारी किया। इस अवसर पर रामलीला समिति के सहयोगियों एवं पात्रों में लल्लन प्रसाद पांडेय, रंगनाथ उपाध्याय, मातादीन उपाध्याय, सुशील उपाध्याय, अनिल पांडेय, उदयराज उपाध्याय, संजय उपाध्याय, अभिनव पांडेय, व्यास अवधेश तिवारी, पवन उपाध्याय, मनीष तिवारी, सचिन पांडेय, लवकुश तिवारी, रॉकी पांडेय, रवि उपाध्याय, दीपक उपाध्याय, राजा तिवारी, शुभम तिवारी, अविनाश मिश्र, विशाल, छोटू, अभिषेक, दिव्यम, अनुज, गौरव, सनी, निराले उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, लवकुश मिश्रा, अंकित तिवारी, अंकेश तिवारी, हर्ष, बिरजू प्रजापति, राजेश गौड़, बच्ची प्रजापति, लवकुश उपाध्याय, कड़ेदीन मौर्य एवं श्रीकांत सांवरा, समाजसेवी बाबा तिवारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# खेल सर्वांगीण विकास के परिचायक-जिलाधिकारी

## भदोही की टीम ने जीती स्वर्गीय प्रशांत शुक्ल स्मारक हॉकी प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के क्रीड़ा मैदान पर आयोजित स्वर्गीय प्रशांत शुक्ल स्मारक राज्य स्तरीय आमंत्रण हाकी प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बाल हिट करके किया और खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण एवं समापन अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता के बालक वर्ग के फाइनल में भदोही ने पड़िलन प्रयागराज को दो-शून्य से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया जबकि बालिका वर्ग के फाइनल में भदोही ने अनवर हॉकी सोसाइटी प्रतापगढ़ को पेनल्टी शूटआउट में तीन-एक से पराजित कर विजेता बनी। बालिका वर्ग में भदोही की खुशी राय एवं बालक वर्ग में आशीष बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट चुने गए। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि सभी टीमों के खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और खेल भावना से मैच खेलें। खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास के परिचायक हैं। समाजसेवी अनिल कुमार शुक्ल, एमडीपीजी के वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ छवि नारायण पांडे, प्रशांत देव शुक्ल, प्राची पांडे, ज्योति शुक्ला, हिमांशु शुक्ल, हरीश सिंह, आशुतोष मिश्र, शोएब अहमद, सूरज मिश्र आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खुर्शीद एवं जसीम ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में आयोजित की गई। बालकों के उद्घाटन मैच में भदोही ने पड़िलन प्रयागराज को दो-एक से पराजित किया। दूसरे मैच में अनवर हॉकी सोसाइटी ने जीआईसी प्रतापगढ़ को 3-0 से परास्त किया। तीसरे लीग मैच में पड़िलन प्रयागराज ने जीआईसी प्रतापगढ़ को 5-1 से शिकस्त दी। चैथे लीग मैच में भदोही ने अनवर हॉकी सोसाइटी को तीन-एक से पराजित किया। पांचवें लीग मैच में भदोही ने जीआईसी प्रतापगढ़ को पांच-शून्य से हराया। छठे लीग मैच में अनवर हॉकी सोसाइटी एवं पड़िलन प्रयागराज का मैच एक-एक से बराबर रहा।



बाल हिट करके हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ करते डीएम संजीव रंजन।

## न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में पीएफ दावों की दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सहायक आयुक्त अक्षय भार्गव के निर्देशानुसार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, प्रयागराज की ओर से निधि आपके निकट 2.0 का आयोजन न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटरा रोड में किया गया जिसमें ईपीएफओ खाताधारक जीवन प्रमाणपत्र का अपडेशन, केवाईसी से जुड़ी जानकारी, पीएफ दावों की जानकारी, पेंशन पोर्टल जागरूकता समेत अन्य समस्याओं का निस्तारण किया गया। प्रतापगढ़ जिले में अवस्थित यू पी बोर्ड तथा सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त बहुत सारे विद्यालयों की समस्याओं का समाधान प्रयागराज से आए बी आर पटेल, प्रवर्तन अधिकारी तथा मणिकांत कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का यह प्रयास कि उपभोक्ताओं को क्षेत्रीय कार्यालय बुलाने के बजाय स्वयं उनके घर पर जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास अत्यंत सराहनीय है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार सोनी तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक गण मौजूद रहे।

## विद्युत कर्मचारियों की छंटनी व्यवस्था को लेकर आक्रोश, किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विद्युत उपकेन्द्रों पर संविदाकार कर्मचारियों की छंटनी को लेकर सोमवार को उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ के बैनरतले कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र पर जुटे कर्मचारियों में इस बात का गुस्सा दिखा कि छंटनी व्यवस्था लागू होने से सेवारत कर्मचारियों के सामने रोजीरोटी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। आक्रोशित कर्मचारियों का कहना है कि संघ और अधीक्षण अभियंता के साथ फर्म के द्विपक्षीय वार्ता में यह तय हुआ कि किसी कर्मचारी को अकारण नहीं हटाया जाएगा। इसके बावजूद नाराज कर्मचारियों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा कर्मचारी चयन सूची तैयार करने में भिन्नता पायी गयी है। कर्मचारियों ने सूची में संशोधन की मांग को लेकर नारेबाजी भी की। वहीं प्रदर्शन के दौरान यह भी चेतावनी दिया कि समाधान न हुआ तो अब कर्मचारी पूर्णरूप से कार्य बहिष्कार करेंगे। प्रदर्शन के दौरान संघ के खण्ड इकाई अध्यक्ष कमलेशचंद्र तिवारी व जिलाध्यक्ष हेमंत नंदन ओझा ने शासन और विभाग से कर्मचारियों की छंटनी व्यवस्था में रोक लगाने की मांग उठायी है। इस मौके पर रामसूरत, अब्दुल लतीफ खां, नारेन्द्र बहादुर सिंह, रावेन्द्र मिश्र छोटे, रामसुमेर, दीपक यादव, विमल मिश्र, रामहर्ष यादव, कुलदीप सरोज, श्याम शंकर तिवारी, श्यामू शुक्ला, विभाकर मिश्र आदि रहे।

## युवती को लाठी डंडों से मार-पीट कर किया घायल, शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीन विवाद को लेकर युवती को रास्ते में रोक कर पड़ोसियों ने लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के सोनवरसा गांव निवासिनी निकिता पुत्री मेवा लाल ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि रविवार की शाम वह अपने खेत से वापस आ रही थी कि पहले से घात लगाए बैठे पड़ोसियों ने उसके ऊपर लाठी डंडों से हमला बोल दीजिए, जिससे उसका सर फट गया, परिजन उसे लेकर कोतवाली आए। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

# 30 तालाबों की पट्टी तहसील में बोली लगा कर दिया गया पट्टा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सोमवार को पट्टी तहसील सभागार में मत्स्य पालन के लिए तालाबों के बोली के लिए कार्रवाई की गई। पहले दिन आसपुर देवसरा व बाबा बेलखर नाथ धाम क्षेत्र के 30 तालाबों को शामिल किया गया। इस दौरान सैफाबाद लखनू डीह, ढांढर सदहा, पिपरी, पचौरी, परिहार नेवादा समेत 30 गांव के तालाबों की बोली के लिए आवेदन सोमवार को दिन में साढे़ ग्यारह बजे से जमा कराए गए। तहसीलदार पवन सिंह नायब तहसीलदार बृजेश सिंह कोतवाल आलोक सिंह आर आई लाल जी मत्स्य पालन विभाग के विकास चंद्र की मौजूद है एक-एक आवेदन को निस्तारित किया गया। सैफाबाद में दो आवेदन प्राप्त हुए थे जिम अकील और जगन्नाथ ने आवेदन किया था। ढाई बजे बजे के बाद जगन्नाथ ने अपना आवेदन वापस ले लिया।

जबकि आसपुर देवसरा ग्राम सभा के एक तालाब के लिए शांति देवी दुर्गावती रुद्र प्रताप ने आवेदन किया था शांति देवी दुर्गावती ने अपना आवेदन वापस ले लिया इसलिए यह तालाब भी रुद्र प्रताप को मिल गया। इस तरह से मत्स्य पालन के लिए पहले दिन 30 तालाबों की पेट के लिए बोली होनी थी 300 में एक-एक आवेदन प्राप्त होने से सरकारी बोली पर ही 300 तालाबों को आवेदन कर्ताओं को दे दिया गया साथ में भत्ता प्राप्त करने वालों से कल धनराज की एक चैथाई की वसूली भी की गई। इस दौरान मत्स्य पालन विभाग के विकास चंद्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जिन्हें पट्टा मिला है। वही मत्स्य पालन करेंगे। यदि कोई दूसरा मत्स्य पालन करता हुआ तालाबों में पाया गया तो पट्टा निरस्त कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार पवन सिंह ने बताया कि पहले दिन आसपुर देवर और बाबा बेलखर नाथ धाम में चिन्हित तालाबों का पट्टा दिया गया है। मंगलवार को पट्टी व मगरौरा के चिन्हित 23 तालाबों की बोली की प्रक्रिया की जाएगी।

# आयुर्वेद दिवस पर आयुष विभाग ने निकाली जनजागरण रैली

## रंगनाथ द्विवेदी इंटर कालेज के छात्र-छात्राओ को दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आयुष मंत्रालय एवं निदेशक आयुर्वेद सेवाएं लखनऊ के निर्देश पर रन फॉर आयुर्वेद का आयोजन जगत पाल रंगनाथ द्विवेदी इंटर कॉलेज कोहडौर में किया गया, जिसमें आयुष विभाग के चिकित्सकों ने छात्रों के साथ रैली निकाल कर आयुष चिकित्सा के बारे में लोगों को जागरूक किया।

इस बार आयुर्वेद दिवस वैश्विक स्तर पर वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार थीम के साथ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा आयुर्वेद एवं हमारा स्वास्थ्य विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. त्रिभुवन राम ने बताया कि इस दिवस का उद्देश्य जन कल्याण के लिए आयुर्वेद को सशक्त चिकित्सा प्रणाली के रूप में वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना है। चिकित्साधिकारी डा. रंगनाथ शुक्ल ने बताया कि आयुर्वेद दिवस वर्ष 2016 से प्रतिवर्ष धनतेरस के अवसर पर मनाया जाता है, आज आयुर्वेद दिवस ने वैश्विक महत्व प्राप्त कर लिया है। डा. आशीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आयुष मंत्रालय आई सपोर्ट आयुर्वेद अभियान के माध्यम से आयुर्वेद के प्रति 250 मिलियन से अधिक लोगों का समर्थन प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा. अवनीश पाण्डेय ने बताया कि आयुर्वेद दिवस समारोह के माध्यम से गैर संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य, वृद्धावस्था देखभाल सहित महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दों पर जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य धवल द्विवेदी ने आयुष विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोरोना काल के बाद आयुर्वेद जनमानस की पहली पसंद बन गया है। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक, स्टॉफ एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।




जनजागरण रैली निकालते रंगनाथ द्विवेदी इंटर कालेज की छात्राएं।

# चाकू से गोदकर अधेड़ वृद्ध की निर्मम हत्या, कोहराम

## धान की कटाई के लिए मशीन बुलाने गया था

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के राय काशीपुर गांव में सोमवार की सुबह घर से खेत में लगे धान को मशीन से कटाने के लिए निकले अधेड़ को कुछ ही दूरी पर एक युवक ने सामने से आकर अचानक अधेड़ वृद्ध राम लखन सरोज (60) वर्षीय के ऊपर चाकू से कई ताबड़तोड़ वार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसको अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सभी घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित युवक मौके से फरार हो गया। दिन दहाड़े हुई अधेड़ की निर्मम हत्या से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। आनन फानन में संग्रामगढ़ थाना प्रभारी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक के साथ सी ओ लालगंज को दिया। आनन फानन में सीओ लालगंज पहुंचे और परिजनों को हर संभव सरकार की तरफ से सहायता दिलाने का आश्वासन दिया और आरोपी युवक के खिलाफ परिजनों की तरफ से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया। आरोपी युवक की तलाश सरगर्मी से कर रही है शव की लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

सूत्रों के अनुसार आरोपी युवक व उसका पिता घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है। मृतक के सात बेटे दो बेटी है सभी का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को घटना की नामजद तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस विधिक कारवाई करने की बात कह रही है। उधर घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार आरोपित युवक के खिलाफ कड़ी कारवाई करने का परिजनों को आश्वासन दिया।



परिजनों से बातचीत करते सीओ लालगंज के साथ संग्रामगढ पुलिस।

## अधेड़ महिला का क्षत विक्षत शव मिलने से मचा हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कड़रो बनकटकामा गांव निवासी महारानी पत्नी गुरदीन सरोज बीते लगभग 20 दिनों से घर से अचानक गायब हो गई जिसका परिजनो ने काफी खोजबीन किया लेकिन पता नहीं चल सका। मृतक के परिजनो ने नवाबगंज थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। लापता अधेड़ महिला का शव सोमवार की सुबह पड़ोसी सीमावर्ती कोतवाली ऊंचाहार के अलीनगर असकरनपुर गांव के निकट तालाब के किनारे धान के खेत में जंगली जानवरों द्वारा किये गये छत विक्षत अवस्था में महिला का शव मिलने से गांव वालों में हड़कंप मच गया जिसकी सूचना ग्रामीणों ने ऊंचाहार पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक अधेड़ महिला के शरीर पर पहने कपड़े से महरानी पत्नी गुरदीन सरोज के रूप में पहचान हुई जिसकी सूचना नवाबगंज पुलिस को दिया। ऊंचाहार पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल रायबरेली भेज दिया। शव मिलने पर परिजन लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के हत्या के कारण का पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद विधिक कारवाई की बात पुलिस कह रही है।

# भयहरणनाथ धाम में निहित स्वार्थ के लिए कोई स्थान नहीं: प्रबन्ध समिति

## भव्यता से मनाया जायेगा 25वां महाकाल महोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में प्रबन्ध संस्था भयहरणनाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान की प्रबन्ध समिति की बैठक रविशंकर ज्ञान मन्दिर में स्थित प्रशासनिक कार्यालय में हुई। बैठक में तय हुआ कि प्रबन्ध समिति द्वारा जन सहयोग तथा लोक भागीदारी से प्रशासनिक कार्यालय का जीणीद्धार 15 नवम्बर से प्रारम्भ किया जायेगा। प्रबन्ध समिति सदस्यों ने स्पष्ट किया कि धाम में सार्वजनिक तथा सामाजिक धार्मिक महत्व का स्थान है यहां स्वार्थ व लोभ तथा निजी हित का कोई महत्व नही है सभी भक्त व कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से ही अपनी सेवायें दें। बाबा भयहरणनाथ धाम में हुई बैठक की अध्यक्षता कार्यवाहक अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष लालजी सिंह ने किया तथा संयोजन व संचालन धाम के महासचिव समाज शेखर ने किया। नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में अखिल प्रताप सिंह ने प्रतिभाग किया। बैठक में सबसे पहले चर्चा हुई कि प्रशासनिक परिसर में स्थित कार्यालय की दशा काफी जर्जर है जिसे महाशिवरात्रि से पूर्व ठीक किया जाना नितांन्त आवश्यक है।

बैठक में आगामी महाशिवरात्रि के पर्व पर होने वाले 25 वें महाकाल महोत्सव के आयोजन पर चर्चा हुई। तय हुआ कि रजत जयन्ती वर्ष होने तथा कुम्भ मेला के दृष्टिगत इस बार भव्यता के साथ 25वें महाकाल महोत्सव का आयोजन होगा जिसमें सरकारी तथा गैर सरकारी विभागों व स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से भव्य मेला व महोत्सव आयोजित होगा। बैठक में डा0 बीरेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष प्रशासन बबन सिंह, उपाध्यक्ष कार्यक्रम उमाकान्त पाण्डेय, उपाध्यक्ष वित एवं लेखा राजीव नयन मिश्र डा0 अमर बहादुर सिंह अनिल मिश्र सोनू, डा0 बृजेश सिंह, गुरू ओम मिश्र, श्रवण सिंह, बुद्धि प्रकाश द्विवेदी, अरविन्द प्रताप सिंह, उमाकान्त पाण्डेय, प्रभाकर पाण्डेय, तेज बहादुर सिंह, शत्रुघन सिंह, यथार्थ शेखर व कार्यालय प्रभारी संजीव मिश्र नीरज आदि मौजूद रहे।



समिति की बैठक में मौजूद प्रबंध समिति के पदाधिकारीगण।

# 18 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेसियों ने डीएम को दिया ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने जिलाधिकारी से मिलकर 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसजनों ने डीएम पर इस बात का आरोप लगाया कि विगत एक वर्ष के दौरान कांग्रेस जनों ने जनपद की विभिन्न समस्याओं को लेकर जो भी ज्ञापन दिया, उन्होंने उन पर कोई कार्यवाही नहीं की।

जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी कांग्रेस जन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों के अनुयायी है, इसी वजह से आज गांधी वादी तरीके से हमने अपनी बात कहने की कोशिश की है। इस दौरान 18 सूत्रीय ज्ञापन में भंगवा चुंगी से नई माल गोदाम रोड रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनाने, ओवर ब्रिज न बनने से जाम की समस्या से मरीजों की मौत व महिलाओं की डिलीवरी हो जाने, इस मार्ग की सड़क पर गड्ढे होने की समस्या, गो-शालाओं में चारे के अभाव में गायों के मरने व चारा घोटाले की ओर ध्यानाकर्षण, प्रतापगढ़ नगर की सीवर समस्या व उसमे हुए घोटाले, नगर के विभिन्न वार्डों में जलभराव की समस्या, दहिलामऊ में नाले पर ढक्कन न होने से लोगों को हो रही परेशानी सहित अनेक मांग थी। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी, नगर अध्यक्ष इरफान अली, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नफीस खान, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मकरंद शुक्ला, राम शिरोमणी वर्मा, विजय प्रताप त्रिपाठी, सुरेश कुमार मिश्रा, करुण पांडेय, ओम प्रकाश सरोज, राम रतन तिवारी, अभय किशोर त्रिपाठी, पृथ्वी राज गौतम,सुभाष तिवारी, विवेक पांडेय आदि मौजूद रहे।



डीएम को ज्ञापन देते कांग्रेसीगण।

## कार्य बाधित करने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष को दी गई नोटिस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनता दर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा0 नीरज तिवारी के द्वारा सैकड़ों समर्थकों के साथ ज्ञापन देने जनता दर्शन में घूस आये और टेबल के बगल में कई समर्थकों के साथ जनसुनवाई में व्यवधान उत्पन्न करने लगे, जबकि इस दौरान पहले से 50 से अधिक शिकायतकर्ता और अधिकारीगण मौजूद थे। ज्ञापन के सम्बन्ध में पूर्व से कोई सूचना प्रशासन को नही दी गयी थी जबकि ज्ञापन निर्धारित स्थल पर नामित अधिकारी द्वारा लिया जाता है। इस प्रकरण पर अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को नोटिस निर्गत करते हुये जवाब मांगा गया है।

# डिलेवरी वाहन से हजारों की नगदी उड़ायी, हड़कंप

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गैस सिलेण्डर डिलेवरी वाहन में बैग में रखी पचास हजार की नगदी अज्ञात चोर उड़ा ले गये। सूचना पर पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है। सांगीपुर थाना के हर्षपुर गांव से सत्यार्थ गैस एजेन्सी का डिलेवरी वाहन लेकर सोमवार सुबह चालक संदीप व कैशियर रवीन्द्र सिंह लालगंज बाजार पहुंचे।

यहां एजेन्सी के द्वारा सिलेण्डर की बिक्री की जा रही थी। कस्बा स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज के गेट के सामने एक ग्राहक को डिलेवरी वाहन से सिलेण्डर की बिक्री की गयी। इसी बीच किसी राहगीर ने वाहन से मोबिल गिरने की बात चालक को बतायी। यह सुनकर चालक व कैशियर दोनों वाहन के आगे खड़े होकर मोबिल गिरना चेक करने लगे। आरोप है कि इसी बीच वाहन में सीट पर रखा रूपयों का बैग अज्ञात चोर उड़ा ले गये। कैशियर के मुताबिक बैग में चोरी गयी करीब पचास हजार की नगदी थी। कैशियर की सूचना पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि घटना की छानबीन की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इधर दिनदहाड़े सरेबाजार पचास हजार की नकदी की चोरी की वारदात से बाजार में भी हडकंप का माहौल दिखा।

## अधिवक्ता की पत्नी की चैन कटने से नाराज अधिवक्ताओं ने नारेबाजी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी के अधिवक्ता रवि सिंह की पत्नी पूजा सिंह रामपुर खंगाल गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आए हुए बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को सुनने गई थी। जहां पर महिला चोर गिरोह की सदस्यों ने उनके चेन काट लिया था। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। पुलिस द्वारा अज्ञात पर मुकदमा न दर्ज करने से नाराज सोमवार को अधिवक्ताओं ने तहसील में तारबंदी करते हुए तहसील का मुख्य गेट बंद कर जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ता एकता जिंदाबाद पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के जमकर नारे लगे। विरोध प्रदर्शन में रवि सिंह, वरुण पांडे बंटी, नंदन चतुर्वेदी, आशीष तिवारी, बार महामंत्री अनिल सिंह, शुभम तिवारी, बिंदेश्वरी प्रसाद उर्फ विंदू पाठक, रोशन सिंह, वरुण शुक्ला विकास तिवारी समेत तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे। यह विरोध प्रदर्शन दिन में सोमवार को एक बजे तक चलता रहा।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने अभियुक्त सुनील उर्फ टुल्लू पुत्र नंदलाल निवासी संडौरा, थाना रानीगंज, प्रतापगढ़ को हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित करने का आदेश दिया। अभियुक्त नंदलाल, राजेन्द्र कुमार सुत माताफेर, अजय देवगन पुत्र नंदलाल को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया। बता दें कि वादी मुकदमा पुद्दू लाल सुत रामदेव ग्राम संडौरा, रानीगंज ने 27 जून 2020 को लगभग छह बजे अपनी टूटी हुई लैट्रीन की पाइप को बदल रहे थे तभी पड़ोस के नंदलाल, राम कुमार, राजेन्द्र कुमार सुतगण माताफेर व सुनील उर्फ टुल्लू सुत नंदलाल व देवगन पुत्र नंदलाल ने एक राय होकर वादी के भाई को जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार व लाठी डण्डे से फूलचंद्र को घायल कर दिया जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। राज्य की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता योगेश शर्मा व सहायक शासकीय अधिवक्ता विक्रम सिंह ने किया।

# सांसद ने की जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक





**अखंड भारत संदेश**

### जनपद में शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, विद्युत एवं सड़क को प्रथम वरीयता देते हुए इनसे सम्बन्धित समस्याओ का जल्द हो निस्तारण : सांसद

### सांसद ने बैठक में जिला उद्यान अधिकारी एवं मण्डी सचिव, अझुवा के अनुपस्थित रहने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के दियें निर्देश

**कौशाम्बी** सांसद पुष्पेन्द्र सरोज की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई सांसद ने गत दिशा बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा के दौरान जनपद में शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, विद्युत एवं सड़क को प्रथम वरीयता देते हुए इनसे सम्बन्धित समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाय, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहें कार्या की प्रगति की रिपोर्ट को देखा, जिसमें चौरासी एवं नवॉवा के बीच सैनी पुलिया का निर्माण कार्य सिंचाई विभाग से अनुमति प्राप्त न होने के कारण प्रगति जीरो थी, जिस पर अधिशासी अभियंता सिंचाई को जल्द से जल्द अनुमति देने की कार्यवाही कर कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जहॉं कहीं पर भी सड़कों के निर्माण कार्य कराया जाना है, उसकी सूची उपलब्ध करायी जाय, इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं प्रधानों से समन्वय कर इसका स्टीमेट शासन को भेजें। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान कहा कि आवास से सम्बन्धित जो भी सर्वे का कार्य चल रहा है, उसे पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ किया जाय, जिससे सभी पात्र लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को विशेष सफाई अभियान चलाकर गॉवों में साफ-सफाई एवं फॉगिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी एवं मण्डी सचिव अझुवा के अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी को दियें। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जनपद में निर्मित 448 सामुदायिक शौचालयों का सत्यापन कराया गया, जिसमें 444 सामुदायिक शौचालय क्रियाशील पाये गये, उन्हें स्वयं सहायता समूहों को हैण्डओवर कर दिया गया है सदस्यों द्वारा कई सामुदायिक शौचालयों के बंद होने एवं साफ-सफाई सही न पाये जाने की शिकायत की गई, जिस पर सांसद ने सभी सामुदायिक शौचालयों में खुलने एवं बंद होने का समय अंकित कराने तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश जिला पंचायतराज अधिकारी को दियें। सांसद ने जल-जीवन मिशन के तहत कराये जा रहे कार्या की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि पाइप-लाइन बिछाने के दौरान तोडी गयी सड़क को उसी प्रकार सड़क बनाये जाने के बाद भुगतान किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने जलजीवन मिशन के कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी ई0ओ0 से कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं को जनता तक पहुँचाये तथा नगर निकायों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था एवं संचारी रोगों से बचाव का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जल-जीवन मिशन के तहत जहॉ-जहॉ पर पानी की टंकियों का निर्माण कार्य कराया गया है उसकी सूची उपलब्ध करायें। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि खराब ट्रांसफार्मरों को शासन द्वारा निर्धारित समयावधि 24 घण्टे के अन्दर नया ट्रान्सफार्मर लगाया जाय। जहॉ कही पर भी बार-बार ट्रांसफार्मर जलने की समस्यायें आ रहीं हो, वहॉ का सर्वे कराकर उसकी क्षमता वृद्धि का प्रस्ताव भेजकर जल्द से जल्द अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगायें जाय। सदस्यों द्वारा शिकायत की गई कि गलत तरीके से अधिक विद्युत बिल भेजकर अधिक वसूली की जा रहीं, जिससे आमजन-मानस को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिस पर मा0 सांसद ने प्रत्येक माह विद्युत कैम्प लगाकर गलत विद्युत बिल के समाधान कराने के निर्देश दियें।सांसद ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को पेंशन से सम्बन्धित सभी लम्बित आवेदनों को बी0डी0ओ0 के माध्यम से शीघ्र सत्यापन कराकर पात्र लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए कहा कि पेंशन से सम्बन्धित किसी भी आवेदन का सत्यापन 15 दिन से अधिक लम्बित न रहने पाये, 15 दिन से अधिक लम्बित पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान पात्र सभी लोगों को लाभान्वित करने तथा आवेदनों को रजिस्टर पर अंकित कराने के निर्देश दिये।

बैठक में सदस्यों द्वारा कई प्राथमिक विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन न होने की शिकायत की गई, जिस पर सांसद ने उच्चाधिकारियों को सूची तत्काल प्रेषित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही सभी प्राथमिक विद्यालयों का सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दियें। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



## दीपावली के मद्देनजर मनौरी में सज गई लाई मिठाई और मूर्ति की दुकान पुलिस की चौकसी हुई तेज

**मनौरी कौशाम्बी।** पिपरी थानांतर्गत मनौरी बाजार में दीपावली के उपलक्ष्य में लाई, मिठाई,लक्ष्मी गणेश की मूर्ति के दुकानों में खरीददारों भीड़ जुट रही है , खरीददारों की भीड़ देखकर दुकानदारों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिल रही है इस बार दीपावली के बजने वाले पटाखे की दुकान हर वर्ष की भांति बाजार से बाहर पब्लिक इंटर कॉलेज में लगेगी !मनौरी में चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर देखी जा रही है ,चायल चौकी प्रभारी प्रमेश कुमार यादव मनौरी बाजार में भ्रमण कर दुकानदारों का हालचाल लेते नजर आए

# नर्मदा प्रसाद की मौत के बाद एक बार फिर ताजा हो गई आतंक अत्याचार व जुल्मियों की कहानी



**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के अढौली के मूल निवासी नर्मदा प्रसाद त्रिपाठी उम्र लगभग 65 वर्ष पुत्र चंद्र शेखर त्रिपाठी विगत 40 वर्षों से भरवारी के सिंघिया में रह कर जीवन के दिन गुजार रहे थे संपन्न परिवार में जन्मे नर्मदा प्रसाद की जमीन जायदाद को दबंगों ने उनके साथ छल कपट करके धोखा देकर बैनामा करवा लिया था और उनकी जमीन पर दबंगों ने बलपूर्वक कब्जा कर लिया जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा कर लिए जाने के बाद नर्मदा प्रसाद त्रिपाठी को दबंगों ने दर दर की ठोकर खाने पर मजबूर कर दिया था दबंग के आतंक अत्याचार और जुल्म के बाद नर्मदा प्रसाद त्रिपाठी अपनी 15 बीघे जमीन नहीं पा सके बताया जाता है कि नर्मदा प्रसाद 15 बीघा भूमि के मालिक थे जिसकी कीमत वर्तमान में कई करोड़ रुपए है लेकिन जमीन जायदाद पर दबंगो ने जबरिया कब्जा कर लिया कानून ने नर्मदा का साथ नहीं दिया जिससे पूरे जीवन वह मुसीबत का दिन गुजारते रहे। दबंग के आतंक अत्याचार के बाद उनके गांव परिवार रिश्तेदारों ने भी उनका साथ नहीं दिया और मजबूर होकर नर्मदा प्रसाद अढौली गांव छोड़कर भरवारी के सिंघिया में रहने लगे करोड़ों की जमीन जायदाद हाथ से निकल जाने के बाद नर्मदा प्रसाद मानसिक रूप से कमजोर हो गए नगर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें रोटी की व्यवस्था तो कर दी लेकिन उनकी मानसिक व्यवस्था नहीं ठीक हो सकी धीरे-धीरे 40 वर्ष का समय बीत गया सोमवार को नर्मदा प्रसाद ने सिंघिया प्राइमरी स्कूल के पास अंतिम सांस ली है नगर के लोगों ने विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार कर दिया है नर्मदा प्रसाद की मौत के बाद आतंक अत्याचार और जुल्मियों की कहानी एक बार फिर ताजा हो गई है।

## मंदिर परिसर के पास खुले में बिक रहा है मांस



**सुगंधित धूप दीप नैवेध यज्ञ की खुशबू से लोग प्रभावित होते थे वहीं अब मांस की दुर्गंध से विचलित हो रहे हैं**

**ग्राम प्रधान का दुस्साहस देखिए की सनातन धर्म की आस्था से किस तरह से कर रहा है खिलवाड़**

**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र में मंदिर परिसर के पास से मांस बेचे जाने से भक्तों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है लेकिन ग्राम प्रधान बाजार की वसूली के चक्कर में मंदिर के पास मांस बेचवा रहा है ग्राम प्रधान का दुस्साहस देखिए की सनातन धर्म की आस्था से किस तरह से खिलवाड़ कर रहा है हिंदू धर्म की आस्था से खिलवाड़ करने वाले ग्राम प्रधान पर मुकदमा दर्ज करा कर प्रधान की गिरफ्तारी कराए जाने और मंदिर परिसर के आसपास मांस बेचे जाने पर रोक लगाए जाने की मांग भक्तों ने डीएम एसपी से की है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना के अंतर्गत पेराई तिल्हापुर मोड़ सप्ताह में दो दिन बाजार लगती हैं सोमवार और बृहस्पतिवार को बाजार एक मंदिर परिसर के जमीन में लगता है इस बाजार में मंदिर के पास खुले में मांस मछली की बिक्री की जाती है दुकानदारों से पूछा गया तो दुकानदारों ने बताया कि ग्राम प्रधान के कहने पर हम लोग यहां मांस की दुकान लगाए हैं मांस की दुकान लगाने से चारों ओर गंदगी व्याप्त है तेजी से दुर्गंध उठ रही है कीटाणु जीवाणु की संख्या बढ़ने से लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है जहां एक तरफ सुगंधित धूप दीप नैवेध यज्ञ की खुशबू से लोग प्रभावित होते थे वहीं अब मांस की दुर्गंध से विचलित हो रहे हैं मंदिर जाने वाले भक्तों को अशुद्धता और परेशानियों का सामना पर करना पड़ रहा है।

## न्यूज झरोखा

### तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन



**कौशाम्बी।** एकल अभियान द्वारा सम्भाग दक्षिण उत्तर प्रदेश के अंचल कौशाम्बी में तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन संच बारा के विद्यालय ग्राम उरई संच मूरतगंज के विद्यालय ग्राम पंसौर व संच खखरेरु के विद्यालय ग्राम पड़री में एकल अभियान आरोग्य योजना व नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन द्वारा भारत भूषण महामना पंडित मदन मोहन मालवीय स्वास्थ्य सेवा यात्रा किया गया। मेडिकल कैम्प में पीएचसी सिराथू, मूरतगंज,बारा व प्रयागराज मेडिकल कालेज के आये हुये 28 डॉक्टरों द्वारा 520 मरीजो का निःशुल्क इलाज किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान, अंचल समितियो द्वारा किया गया। स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में अंचल समिति सारदा प्रसाद सम्भाग आरोग्य प्रशिक्षक ज्ञान सिंह अंचल अभियान प्रमुख कृष्ण मूरत सिंह संच प्रमुख सुषमा श्रीवास्तव ओमप्रकाश रमेश चंद जीवन लाल वीरेंद्र सिंह संच व्यास रंजना देवी ग्रीश चंद्र आचार्य प्रीति, संजय कुमार, अशोक कुमार, अनुग्रह, मनीषा देवी,कोमल देवी, शशी देवी व ग्राम प्रधान तारा चंद्र चौरसिया हरिश्चन्द्र मौर्या रणजीत यादव के साथ राम मिलन बीरेन्द्र चौरसिया मुन्नालाल रामअभिलाष अशोक कुमार महेंद्र कुमार एएनएम शोभा आशा बहु कलावती आशा संगनी राजकुमारी के साथ ग्राम प्रमुख, ग्राम समिति आदि लोग उपस्थित रहे।

### उपचार के दौरान युवती की मौत, डेंगू की आशंका



**अझुवा कौशांबी।** सिराथू तहसील के ग्राम सभा घुमाई में एक युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई है परिजनों ने डेंगू से मौत की शंका जताई है ।रामनरेश की 20 वर्षीय पुत्री प्रीति पाल धर्मा देवी इंटर कॉलेज में प्राइवेट शिक्षिका थी 20 अक्टूबर को महिला शिक्षक को बुखार आया परिजनों ने सिराथू के प्राइवेट अस्पताल ले गए सुधार न होने पर 23 अक्टूबर को प्रयागराज में भर्ती कराया जहां बीती रात युवती की मौत हो गई ।रामनरेश ने बताया किसानी करके किसी तरह परिवार का पालन पोषण करता था उसकी चार बेटियों में प्रीति सबसे बड़ी थी प्रीति की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ। वही गांव में बुखार के चलते सुरेखा देवी पत्नी राजा भान, अनामिका पुत्री उदयभान, सूरज पंडा पुत्र कोखराज सहित आधा दर्जन लोग बुखार की चपेट में है जिनका इलाज नजदीक के निजी चिकित्सालय में परिजन करवा रहे हैं गांव के राधेश्याम ने बताया की लगभग 9000 की आबादी में मात्र एक सफाई कर्मी है जो काम करता है जबकि तीन सफाई कर्मियों की नियुक्ति है गांव के रजाभान ने बताया कि गांव में फागिंग नहीं कराई जाती नालियों में दवा का छिड़काव याद नहीं कब कराया गया है अंकित सोनकर ने बताया गांव में लगभग 6 माह पहले फागिंग मशीन चलाई गई थी ग्रामीणों ने बताया गांव में चारों तरफ गंदगी का साम्राज्य है ।फागिंग ,सफाई न होने से बीमारियां पैर पसार रही वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ने बताया फागिंग मशीन बिगड़ गई है ।एक सफाई कर्मी का तबादला हो गया है जिससे साफ सफाई में दिक्कत आ रही है फागिंग मशीन शीघ्र ही दुरुस्त कर कर दवा का छिड़काव कराया जाएगा।

### जेल के अंदर ना जाने पाए कोई प्रतिबंधित सामग्री : एसपी

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव द्वारा पुलिस बल के साथ सोमवार को जिला कारागार कौशाम्बी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली गई तथा जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाए व जेल में साफ सफाई आदि के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

**65 लीटर शराब के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार**

**कौशांबी।** थाना करारी, कड़ाधाम व पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा 65 लीटर अवैध शराब के साथ 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात थाना पुलिस द्वारा शराब के अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

**तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार**

**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट पुलिस द्वारा अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त राजेंद्र यादव उर्फ ददुवा पुत्र रामखेलावन यादव निवासी अहिरन का पुरवा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया है।

**वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**कौशाम्बी।** थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा वारंटी अभियुक्त पंचम पुत्र जियालाल निवासी अलीपुर जीता को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात पुलिस ने वारंटी को न्यायालय भेज दिया है।

**पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियाद**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे फरियादियों की जन समस्याओं को सुना और उसे निस्तारित करने के लिए संबंधित थाना पुलिस को निर्देशित किया पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

**दीपावली के पूर्व समस्त थाना पुलिस ने किया भ्रमण**

**कौशाम्बी।** आगामी धनतेरस दीपावली भैया दूज त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में थाना पुलिस चौकी पुलिस क्षेत्राधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरे जिले में भ्रमण किया गया है और संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग की जा गयी है आमजन में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के लिए पुलिस टीम ने बड़े पैमाने पर भ्रमण कर लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से भय मुक्त वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की है।

# केपीएस भरवारी में नए प्रशासनिक भवन का भव्य उद्घाटन



**भरवारी कौशाम्बी।** एमजीएम कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल में नए प्रशासनिक भवन का सोमवार को भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। उद्घाटन का यह कार्यक्रम विद्यालय में अत्यंत हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस भवन का उद्घाटन विशेष रूप से रिद्धि सिद्धि और देव बाबू के कर-कमलों द्वारा किया गया, जिसमें विद्यालय के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे। इस नए प्रशासनिक भवन में विद्यालय के प्रमुख कार्यालय जैसे प्रिंसिपल ऑफिस, चेयरमैन ऑफिस और अकाउंट ऑफिस को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। भवन की वास्तुकला और संरचना को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह विद्यालय के प्रबंधन और प्रशासन को अत्यधिक सुविधाजनक और प्रभावी बना सके। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन ने अपने संबोधन में विद्यालय के भविष्य और गुणवत्ता में इस भवन की भूमिका को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, ₹यह भवन न केवल हमारे विद्यालय के प्रशासनिक कार्यों को सुव्यवस्थित करेगा, बल्कि छात्रों और अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित करने में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस नए भवन का उद्देश्य विद्यालय के प्रबंधन को बेहतर बनाने और सभी प्रशासनिक कार्यों को एक ही छत के नीचे सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करना है। यह भवन विद्यालय के भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और यहाँ आने वाले विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने में सहायक होगा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षको ने भी भाग लिया। सभी ने इस नई शुरूआत का स्वागत किया और विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएँ दीं।इस भव्य उद्घाटन समारोह ने सभी के मन में विद्यालय की प्रगति के प्रति एक नया उत्साह उत्पन्न किया और आने वाले समय में इस प्रशासनिक भवन का महत्व विद्यालय के कार्यों को कुशलतापूर्वक संचालित करने में दिखाई देगा।इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन की पुत्रियां रिद्धि, सिद्धि, संस्थान की वाइस चेयरपर्सन श्रीमती सपना गुप्ता ,केपीएस फाउंडर देव गुप्ता, डॉयरेक्टर सीमा पवार, डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक मिश्र, अकाउंटेंट विपुल पांडे, सुभाष शुक्ला, कॉर्डिनेटर नितेश सिंह, सौरभ सिंह, विकाश पांडे, वीर प्रताप सिंह, सचिन त्रिपाठी, नीरज त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### भवंस मेहता विद्याश्रम के कर्मचारियों को दिवाली से पहले महंगाई भत्ता बोनस देने की घोषणा



**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी के निदेशक संदीप सक्सेना एवं ट्रेजरर प्रशांत अग्रवाल ने सोमवार को प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र की उपस्थिति में दिवाली से पहले शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की मीटिंग लेते हुए महंगाई भत्ता एवं बोनस देने की घोषणा करते हुए मिठाई देकर दीवाली का तोहफा दिया ।प्रधानाचार्य ने निदेशक एवं ट्रेजरर के दिवाली से पहले कर्मचारियों को बोनस देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया ।समस्त कर्मचारियों ने निदेशक एवं ट्रेजरर को महंगाई भत्ता को बढ़ाने एवं बोनस देने के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है ।इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अज्ञात युवक की ट्रेन की टक्कर से मौत,पुलिस शिनाख्त में जुटी

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के भैरम बाबा के निकट आज सोमवार देर शाम दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग के डीएफसी लाइन के अप लाइन के पोल संख्या 349/33 के पास ट्रेन की टक्कर से लगभग 27 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई खबर लिखे जाने तक युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। युवक सैंडो बनियान और जींस पहने है युवक के दाहिने हाथ में उमेश लिखा हुआ है,आरएस का टैटू बना है मौके पर अझुवा पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास करते हुए शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मचाया धमाल

**दीपावली की पूर्व संध्या पर रंगारंग संस्कृत कार्यक्रम एवं रंगोली प्रतियोगिता वा बाल विज्ञान प्रदर्शनी का कार्यक्रम संपन्न**





**कौशाम्बी।** जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल मंझनपुर में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर धमाल मचाया गया है इस मौके पर तालियो की गड़गड़ाहट से लगातार वातावरण गूंजता रहा और कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पुरस्कृत कर छोटे-छोटे बच्चों का हौसला अफजाई किया है दीपावली की पूर्व संध्या 28 अक्टूबर को विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम बाल विज्ञान प्रदर्शनी रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया है बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रम की लोगों ने भूरि भूरि सराहना की है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मंझनपुर प्रमोद कुमार गुप्ता ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रंगोली प्रतियोगिता से बच्चों के प्रतिभा में निखार आता है उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय प्रबंधक बड़े लाल केशरवानी ने कहा कि समय-समय पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया जा रहा है उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से छोटे-छोटे बच्चों के अंदर उर्जा का संचार होता है कार्यक्रम के शुरूआत में मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार गुप्ता को विद्यालय के बच्चों द्वारा मार्च पास के साथ सलामी दी गई उसके बाद गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर प्रबंधक के साथ गणेश वंदना सरस्वती वंदना वेलकम सॉन्ग की प्रस्तुति की गई इसके बाद प्रबंधक और प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि वा अभिभावकों का स्वागत सत्कार आभार व माल्यार्पण किया गया। दीपावली महोत्सव के कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में बच्चों द्वारा बेहतर रंगोली बनाई गई जो बड़ी मनमोहक लग रही थी और लोगों ने रंगोली बनाने वाले विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों की तारीफ की रंगोली प्रतियोगिता में स्नेह एवं टीम प्रथम वा लक्ष्मी की टीम द्वितीय तथा मोहम्मद अय्याज की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया निर्णायक कमेटी द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में विजई टीम का उत्साह वर्धन किया गया इसके बाद विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा स्टेज के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रामायण की एक झलक रावण वध हनुमान चालीसा दीपावली डांडिया डांस बालिका सशक्तिकरण राधिका कृष्ण डांस वा नृत्य स्पीच बाल दिवस प्रदर्शनी बच्चों द्वारा वाद्य यंत्र ढोलक हारमोनियम व मजीरा से कीर्तन की प्रस्तुत कर बहुत मनोहारी दृश्य वातावरण उत्पन्न किया गया दर्शकों द्वारा लगातार तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया जाता रहा कार्यक्रम का संचालन गीतांजलि वर्मा एवं शिवलाल केसकर ने किया कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए कार्यक्रम स्थल में मौजूद लोगों द्वारा पुरस्कार देकर उनका हौसला अफजाई किया गया इस मौके पर लाल चंद्र केसरवानी एडवोकेट अविनाश त्रिपाठी उमा दत्त त्रिपाठी सहित नगर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग बच्चों के अभिभावक विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाएं कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# बहुत खास हैं खरगे के 2 साल

**सामान्यतः** किसी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मेयर आदि के कार्यकाल की वर्षगांठ को देखने के तो लोग आदी हैं परन्तु यदि किसी राजनीतिक संगठन का प्रमुख बनने के दो साल पूरा करने पर दल के कार्यकताओं और जनसाधारण में खुशी हो तो मानकर चलना चाहिये इसके पीछे कोई खास वजह तो होगी ही, ऐसा व्यक्ति भी कुछ विशेष ही होना चाहिये। देश की सबसे पुरानी और स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाली कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में दो वर्ष पूरा करने पर यदि सभी एक स्वर से मल्लिकार्जुन खरगे को बधाइयां दे रहे हैं तो वह सिर्फ सांगठनिक शिष्टाचार के बदौलत नहीं वरन यह इस दौरान उनकी निभाई भूमिका एवं नेतृत्व कौशल की सराहना के रूप में कहा जा रहा है।

जिस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं ने शनिवार को कतारबद्ध होकर खरगे को बधाइयां दीं, उस दल ने अपने 140 वर्षों के प्रदीर्घ इतिहास में अनेक महान अध्यक्षों को देखा है, और उनके नेतृत्व में न केवल देश को औपनिवेशिक गुलामी से आजाद कराया है बल्कि देश को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। अलग-अलग परिस्थितियों में कांग्रेस के विभिन्न अध्यक्षों ने पार्टी की सेवा की है। फिर भी पिछले कई वर्षों से ऐसा कोई वाकया याद नहीं पड़ता कि किसी का एक या दो साल पूरा होना यूं मनाया गया हो। संगठन ने पार्टी के सबसे वयोवृद्ध परन्तु किसी भी युवा नेता की बराबरी की सक्रियता के साथ पार्टी की कमान सम्हालने वाले खरगे के ये दो वर्ष अनेक मायनों में महत्वपूर्ण रहे हैं, जिस दौरान उनकी भूमिका उतनी ही रेखांकित किये जाने के योग्य है। पार्टी में आंतरिक चुनाव के जरिये शशि थरूर को हराकर खरगे 26 अक्टूबर 2022 को इस पद पर आसीन हुए थे। जब खरगे ने कांग्रेसाध्यक्ष का पद सम्हाला था, उसके करीब डेढ़ माह पहले राहुल गांधी अपनी ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा प्रारम्भ कर चुके थे। 7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से निकलकर 30 जनवरी 2023 को श्रीनगर में पहुंचकर समाप्त हुए इस पैदल मार्च का आयोजन करने वाले संगठन के कार्यकताओं को ऐसा अध्यक्ष चाहिये था जो चाहे राहुल की तरह 3600 किलोमीटर पैदल न चले (जो सबके बस की बात भी नहीं है), परन्तु एक समानातंर ऊर्जा के साथ संगठन को नेतृत्व प्रदान कर सके। शशि थरूर की सवर्ण पारिवारिक पृष्ठभूमि एवं अभिजात्य जीवन शैली के ठीक विपरीत एक बहुत ही कष्टप्रद सामाजिक व्यवस्था को पराजित कर पार्टी के शीर्ष नेताओं की कतार में बैठने के पीछे खरगे का छह दशकों से अधिक का समर्पण एवं कर्मठता थी। इस दौरान कांग्रेस के तमाम उतार-चढ़ावों में पार्टी नेतृत्व के साथ पूरी निष्ठा के साथ खड़े रहने वाले खरगे का जब निर्वाचन हुआ तो कई आश्चर्यचकित थे, तो कई निराश। अधिकतर यह भी मानकर चल रहे थे कि वे शायद ही लम्बे समय तक इस पद पर बने रहेंगे और देर-सबेर गांधी परिवार के ही किसी सदस्य (पहले के कुछ दृष्टांतों के अनुरूप) को इस पद को सम्हालने के लिये आगे बढ़ना पड़ेगा। यह वह वक्त था जब अपनी क्षमता तथा उपलब्ध शक्ति के अनुरूप पार्टी को चलाने के बाद स्वास्थ्यगत कारणों से सोनिया गांधी यह पद छोड़ने की इच्छा जता चुकी थी ।

# धन के साथ धर्म की अमृतवर्षा का पर्व है धनतेरस

-ललित गर्ग-

**दीपावली** से जुड़े पांच पर्वों में दूसरा महत्वपूर्ण पर्व है धनतेरस। धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और इस दिन खरीदारी और दान-पुण्य करना भी शुभ माना जाता है। इस दिन को धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जनक धन्वंतरि देव समुद्र मंथन से प्रकट हुए थे और प्रकट होते समय उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। धनतेरस अर्थव्यवस्था का महापर्व है। अर्थ से अर्थ-व्यवस्था का सम्यक एवं गुणात्मक संधान। इस दिन घर एवं बाजारों में आशा के दीप सजते हैं, मुद्रा का आदान-प्रदान होता है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजों में कई गुना वृद्धि हो जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि इस दिन कुछ उपाय करने से घर में धन-धान्य के भंडार भर जाते हैं और मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। तम मिटाती धनतेरस और प्रकाश बांटती लक्ष्मी यानी भारतीय पद्धति के अनुसार प्रत्येक आराधना, उपासना व अर्चना में आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक इन तीनों रूपों का समन्वित व्यवहार होता है। इस मान्यतानुसार इस उत्सव में भी सोने, चांदी, सिक्के आदि के रूप में आधिभौतिक लक्ष्मी का आधिदैविक लक्ष्मी से संबंध स्वीकार करके पूजन किया जाता हैं। घरों को दीपमाला आदि से अलंकृत करना इत्यादि कार्य लक्ष्मी के आध्यात्मिक स्वरूप की शोभा को आविर्भूत करने के लिए किए जाते हैं। जब हम धन का ध्यान करते हैं तो सार्वभौमिक आत्मा को अपनी प्रचुरता के लिए धन्यवाद देते हैं।

हम और ज्यादा के लिए भी प्रार्थना करतें हैं ताकि हम और ज्यादा समृद्ध हो सकें यह समृद्धि केवल सोना-चांदी-रूपयों की ही नहीं बल्कि ज्ञान, आनन्द आत्मविश्वास, शांति एवं प्रेम की भी होती है। सोना चांदी केवल एक बाहरी प्रतीक है। दौलत हमारे भीतर है। भीतर में बहुत सारा प्रेम, शांति और आनंद है। इससे ज्यादा दौलत आपको और क्या चाहिए? ज्ञान ही वास्तविक धन है। आपका चरित्र, आपकी शांति और आत्म विश्वास आपकी वास्तविक दौलत है। जब आप ईश्वर के साथ जुड़ कर आगे बढ़ते हो तो इससे बढ़कर कोई और दौलत नहीं है। यह शाही विचार तभी आता है जब आप ईश्वर और उसकी अनंतता के साथ जुड़ जाते हो। जब लहर यह याद रखती है कि वह समुद्र के साथ जुड़ी हुई है और समुद्र का हिस्सा है तो विशाल शक्ति मिलती है। धनतेरस ह्यआयुर्वेदह्न का दिन भी है, क्योंकि जड़ीबूटियां भी धन हैं। जड़ीबूटियां और पेड़-पौधे भी धन हैं। ऐसा कहते हैं कि धनतेरस के दिन ही मानवता को अमृत दिया गया था।




भारतीय संस्कृति में धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष जीवन के उद्देश्य रहे हैं। यहां इन्हें प्राप्त करने के लिए हमेशा से प्रयास होते रहे हैं। धनतेरस पर धन के साथ-साथ धर्म को भी यहां महत्त्व दिया गया है और दोनों के बीच समन्वय स्थापित किए जाने की आवश्यकता भी व्यक्त होती रही है लेकिन जब-जब इनके समन्वय के प्रयास कमजोर हुए हैं तब-तब समाज में एक असंतुलन एवं अराजकता का माहौल बना है। शास्त्रों में कहा गया है कि धन की सार्थकता तभी है जब व्यक्ति का जीवन सद्गुणों से युक्त हो। लेकिन हाल के वर्षों में समृद्धि को लेकर हमारे समाज की मानसिकता और मानक बदले हैं। आज समृद्धि का अर्थ सिर्फ आर्थिक सम्पन्नता तक हो गया है। समाज में मानवीय मूल्यों और सद्विचारों को हाशिये पर डाल दिया गया है और येन-केन-प्रकारेण धन कमाना एवं धन की कामना करना ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनता जा रहा है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या इस प्रवृत्ति के बीज हमारी परंपराओं में रहे हैं या यह बाजार के दबाव का नतीजा है? इस तरह की मानसिकता समाज को कहां ले जाएगी? ये कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्न हैं, जिनपर धनतेरस जैसे पवित्र पर्व पर मंथन जरूरी है।

लक्ष्मीजी का स्वरूप त्रिगुणात्मक है। उनका वास तन, मन और धन तीनों में है। पांच प्रकार के सुख कहे गये हैं- तन, मन, धन, पत्नी और संतान। देवी भगवती कमला यानी लक्ष्मीजी के आठ रूप कहे गये हैं। आद्य लक्ष्मी या महालक्ष्मी (कन्या), धन लक्ष्मी (धन, वैभव, निवेश, अर्थव्यवस्था), धान्य लक्ष्मी (अन्न), गजलक्ष्मी (पशु व प्राकृतिक धन), सनातना लक्ष्मी (सौभाग्य, स्वास्थ्य, आयु व समृद्धि), वीरा लक्ष्मी (वीरोचित लक्ष्मी अर्थात रक्षा, सुरक्षा), विजया लक्ष्मी (दिगदिगंत विजय), विद्या लक्ष्मी (विद्या, ज्ञान, कला विज्ञान), इन आठों स्वरूपों को मिलाकर महालक्ष्मी का पर्व बना दिवाली। दिवाली अर्थात दीप पर्व। जहां इन आठों स्वरूपों का प्रकाश हो, वहां दिवाली निश्चित रूप से होती है। प्रकाश, पुष्टि, प्रगति की प्रार्थना के साथ। दूसरे अर्थ में समझिए। लक्ष्मीजी का वास एक लघु इकाई में है। एक माटी के दीपक में है। उसके प्रकाश में है। एक फकीर की भी दिवाली है तो एक अमीर की भी। एक कुम्हार की भी दिवाली है, तो एक सर्राफ की भी। यही लक्ष्मी है। मन की लक्ष्मी। सबकी लक्ष्मी। इसका आशय यह है कि तन, मन, धन, परिवार और संतान की पुष्टि एक दीप की तरह प्रकाशवान रहें। धनवर्षा के साथ, अमृतवर्षा के साथ।

हमारी समृद्धि गुणात्मक हो, लेकिन समृद्धि के नाम पर पनप रहा नया नजरिया न केवल घातक है बल्कि मानव अस्तित्व पर खतरे का एक गंभीर संकेत भी है। साम्राज्यवाद की पीठ पर सवार पूंजीवाद ने जहां एक ओर अमीरी को बढ़ाया है तो वहीं दूसरी ओर गरीबी भी बढ़ती गई है। यह अमीरी और गरीबी का फासला कम होने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है जिसके परिणामों के रूप में हम कोरोना जैसी महामारियों को, युद्ध की विभीषिकाओं को, आतंकवाद को, सांप्रदायिकता, महंगाई, बेरोजगारी को देख सकते हैं, जिनकी निष्पत्तियां हैं समाज में हिंसा, नफरत, द्वेष, लोभ, गलाकाट प्रतिस्पर्धा, रिश्ते में दरारें आदि। सर्वाधिक प्रभाव पर्यावरणीय असंतुलन एवं प्रदूषण के रूप में उभरा है। चंद हाथों में सिमटी समृद्धि की वजह से बड़े और तथाकथित संपन्न लोग ही नहीं बल्कि देश का एक बड़ा तबका मानवीयता से शून्य अपसंस्कृति का शिकार हो गया है। अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। आदमी-आदमी से असुरक्षित हो गया। हिंसा, झूठ, चोरी, बलात्कार, संग्रह जैसे निषेधात्मक संस्कारों ने मनुष्य को पकड़ लिया। चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे। नीति और निष्ठा के केंद्र बदलने लगे। आस्था की नींव कमजोर पड़ने लगे।

धन के प्रति हमारा नजरिया विसंगतिपूर्ण है। इस प्रक्रिया में हमारा दीपावली एवं धनतेरस मनाना कहां सार्थक रह पाया है। क्योंकि सारी सामाजिक मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, मयार्दाओं को ताक पर रखकर कैसे भी धन एकत्र कर लेने को सफलता का मानक माने जाने लगा है जिससे राजनीति, साहित्य, कला, धर्म सभी को पैसे की तराजू पर तोला जाने लगा है। इस प्रवृत्ति के बड़े खतरनाक नतीजे सामने आ रहे हैं। समृद्धि की तथाकथित आधुनिक जीवनशैली ने जीवन मूल्यों के प्रति अनास्था को पनपाया है। समृद्धि के बदलते मायने तभी कल्याणकारी बन सकते हैं जब समृद्धि के साथ चरित्र निष्ठा और नैतिकता भी कायम रहे।

शुद्ध साध्य के लिए शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिए जरूरी है कि समृद्धि के रूप में प्राप्त साधनों का सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ उपयोग हो। संग्रह के साथ विसर्जन की चेतना जागे। पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो, भोग के साथ संयम भी जरूरी है। भले हमारे पास कार, कोठी और कुर्सी न हो लेकिन चारित्रिक गुणों की काबिलियत अवश्य हो क्योंकि इसी काबिलियत के बल पर हम अपने आपको महाशक्तिशाली बना सकेगे, तभी हमारा धनतेरस मनाना सार्थक होगा।

# अब मुकाबला सीधा : डराने वालों और डरो मत के बीच

- शकील अख्तर

**केन्द्र** में जहां चार सौ पार के दावे कर रहे थे। वहां बहुमत के लिए भी कई पार्टियों का समर्थन लेना पड़ा। यूपी में तो सपा और कांग्रेस ने मिलकर 43 सीटें जीत लीं। और बीजेपी केवल 33 पर रह गई। जनता नफरत और विभाजन फैलाने के उद्देश्य को समझ गई। महंगाई बढ़ाई जाएगी, नौकरी नहीं दी जाएगी, सरकारी अस्पतालों को खत्म कर दिया जाएगा, सरकारी स्कूलों को भी। पांच किलो मुफ्त अनाज को बड़ा अहसान बताया जाएगा।



**बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों का उद्देश्य एक ही होता है दलित पिछड़ों आदिवासियों, कृषि निर्भर जातियों और सवर्णो में भी अन्य दूसरे तीसरे पायदान पर आने वाली जातियों को डराना कि उन्हें कोई खतम करने वाला है**

बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों का उद्देश्य एक ही होता है दलित पिछड़ों आदिवासियों, कृषि निर्भर जातियों और सवर्णों में भी अन्य दूसरे तीसरे पायदान पर आने वाली जातियों को डराना कि उन्हें कोई खतम करने वाला है। नारा देने वाले के कहने का मतलब होता है देश में कोई कानून व्यवस्था नहीं है। न्याय नहीं है। शांति का माहौल नहीं है। दस साल केन्द्र के और सात साल उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकारों को हो गए मगर तुम निश्चिंत नहीं रह सकते, तुम्हें डरना चाहिए। दस साल पहले डर नहीं था। कोई कटने कटाने की बात नहीं करता था। लेकिन अब इनकी सरकार आ गई हो तो बंटना कटना जैसे हिंसक, भय पैदा करना वाले शब्दों का उपयोग किया जाने लगा है।

डर लोगों को नहीं है। डर इन्हें है कि लोग कहीं डरना नहीं छोड़ दें। इन्हें लगता है कि जनता अगर निर्भय हो गई तो अपने असली मुद्दों की बात करने लगेगी। अभी लोकसभा में बहुमत से दूर 240 पर सिमट जाने और यूपी में तो 80 में से केवल 33 पर रुक जाने के बाद भाजपा में खलबली मच गई। ऐसा नहीं है कि इस लोकसभा चुनाव में हिन्दू मुसलमान कुछ कम करा हो। बल्कि पिछले चुनावों से आगे बढ़कर किया। भैंस छीन लेंगे, मंगल सूत्र छीन लेंगे जैसा डर पैदा करने की कोशिश की गई। यूपी में बुलडोजर के सहारे लड़ा गया। अजान, नमाज, टोपी, तहमद जैसे मुद्दे उठाए। लेकिन नतीजा क्या हुआ?

केन्द्र में जहां चार सौ पार के दावे कर रहे थे। वहां बहुमत के लिए भी कई पार्टियों का समर्थन लेना पड़ा। यूपी में तो सपा और कांग्रेस ने मिलकर 43 सीटें जीत लीं। और बीजेपी केवल 33 पर रह गई। जनता नफरत और विभाजन फैलाने के उद्देश्य को समझ गई। महंगाई बढ़ाई जाएगी, नौकरी नहीं दी जाएगी, सरकारी अस्पतालों को खत्म कर दिया जाएगा, सरकारी स्कूलों को भी। पांच किलो मुफ्त अनाज को बड़ा अहसान बताया जाएगा। गरीब को केवल उसी पर निर्भर कर दिया जाएगा। कोई काम धंधा नहीं, नौकरी रोजगार नहीं, उसके बच्चों का स्कूल, कापी पेंसिल, खुद उसकी, उसके बुजुर्ग मां बाप की दवा, इलाज का कोई इंतजाम नहीं। केवल पांच किलो अनाज लो और नफरती विभाजनकारी भाषणों को सुनकर बंटने कटने के काल्पनिक भय में जियो।

प्रभाव कहीं नहीं हो रहा है। लोकसभा के बाद हरियाणा में सरकार जरूर बना ली मगर वोट 11 परसेंट कांग्रेस का बढ़ा। बंटने कटने की बात करने के बावजूद भाजपा का वोट केवल 3 परसेंट बढ़ा। जीत भाजपा को अपने डर पैदा करने वाले अजेंडे की वजह से नहीं मिली बल्कि कांग्रेस के गुटबाज नेताओं द्वारा खुद ही माहौल खराब करने, मैं बनूंगा मुख्यमंत्री, की मूर्खतापूर्ण बहस और ईवीएम की वजह से मिली। कांग्रेस ने चुनाव आयोग में दस्तावेजों के आधार पर शिकायत दर्ज करवाई है कि 20 सीटों पर ईवीएम में गड़बड़ियां थीं। कांग्रेस के इस आरोप का जवाब चुनाव आयोग या उसकी तरफ से अभी तक जो भाजपा और मीडिया देते थे वे भी नहीं दे पाए हैं कि जिन मशीनों में वोटिंग हुई है वे 99 प्रतिशत तक चार्ज कैसे मिलीं? कोई भी मशीन अगर काम करती है। या रखी भी रहती है तो इसकी बैटरी कम होती जाती है। यहां 5 अक्टूबर को मतदान हुआ और 8 अक्टूबर को गिनती। तीन दिन बाद मशीन 99 प्रतिशत तक चार्ज! इसका क्या जवाब हो सकता है? इसीलिए मीडिया और भाजपा ने दिया नहीं और चुनाव आयोग को देना नहीं है।

तो यह अलग मुद्दा है हरियाणा में बीजेपी की जीत का, मगर यहां यह जीत अब नफरत फैलाने से नहीं मिल रही है। तो क्या करें? जनहितकारी काम तो कुछ कर नहीं सकते। क्योंकि पूरी सोच जनविरोधी है। जनता को डरा कर नफरत के नशे में रखो। वह जनता नहीं प्रजा है। उसका काम है निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन करना। शासक जिस हाल में रखे उसमें रहना और उसका शुक्रगुजार रहना क्यों कि यही प्रजा का काम है। याद नहीं? कोविड में क्या कहा था। ताली थाली बजवाई। दवा, आक्सिजन सिलेंडर, अस्पताल में बेड मरने के बाद श्मशान तक कुछ नहीं दिया, लोगों ने पुलों पर से शव फेंके, नदी में बहाए, रेत में दबा दिए। और संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा क्या, जो मरे वे मोक्ष को प्राप्त हो गए। सरकार ने अपनी जिम्मेदारी से इनकार कर दिया। कहा सिस्टम की गलती! सिस्टम क्या। एक अमूर्त चीज। कुछ भी मान लो। लेकिन कोरोना वैक्सिन सर्टिफिकेट पर अपना फोटो छपवाना नहीं भूले। मोदी जी के फोटो सबके घरों में पहुंच गए। एक एक आदमी के पास दो या तीन सर्टिफिकेट। मतलब उतने ही फोटो। लेकिन अब हार्ट अटैक से मौतें हो रही हैं। युवा किशोर खड़े खड़े गिर कर मर रहे हैं। डाक्टर वैक्सिन को दोषी बता रहे हैं। मगर कोई जांच शोध नहीं। वैक्सिन बनाने वाली कंपनियों ने बेहिसाब पैसा बना लिया। लंदन में सबसे महंगी प्रापर्टी खरीद ली। यहां इलेक्टोरल बांड के जरिए बीजेपी को खूब पैसा दे दिया। आज कोई वैक्सिन कंपनियों से सवाल करने वाला नहीं है। प्रजा पर ऐसे प्रयोग होते रहते हैं। पहले दवा वैक्सिन के प्रयोग जानवरों पर होते थे। क्यों जनता होती थी उसे इंसान माना जाता था। नेता तो जनता जनार्दन यानि भगवान भी कहते थे मगर अब उसका वह दर्जा खत्म हो गया।

उसका काम अब केवल डरना और डराने वालों को वोट देना रह गया है। मगर ऐसा होगा क्या? मानव जाति का इतिहास तो बताता है कि इंसान ने हमेशा डर पर जीत हासिल की है। राहुल गांधी ने नारा ही यह दिया है- डरो मत! मतलब अब सीधे सीधे देश दो स्पष्ट मुद्दों पर आ गया है। एक तरफ राहुल गांधी हैं जो जनता को निर्भय बनाने कि लिए लड़ रहे हैं। दूसरी तरफ भाजपा और संघ है जो डराने की कोशिश कर रहा है। कह रहा है कटोगे। खुद की सरकार। दोनों जगह केन्द्र और राज्य में। और कटने की बात कर रहा है। एक तरफ यह बहुत ही खतरनाक स्थिति है। दूसरी तरफ जनता की परीक्षा। क्या वह इतनी बेवकूफ है कि कोई कहेगा और वह मान जाएगी? सोचेगी नहीं? कौन काटने आ रहा ? और क्यों? और क्या इनके शासन में बिल्कुल जंगल राज आ गया है कि देश के बहुसंख्यक लोगों को कोई काट जाएगा ? मार जाएगा? नहीं जनता सब समझती है। अगर भाजपा का डर दिखाना कामयाब होता तो लोकसभा में वह चार सौ पार जाती। हरियाणा में 11 परसेन्ट कांग्रेस का वोट नहीं उसका बढ़ता।

जम्मू कश्मीर में इस बार उसकी मुराद पुरी हो जाती। वह 29 सीटें नहीं कम से कम जम्मू संभाग की तो पूरी 43 जीतती। परिसीमन करवा कर उसने जम्मू में सीटें इसीलिए बढ़वाई थीं। पहले जम्मू में केवल 37 सीटें थीं। उसमें 6 बढ़वा लीं। उसका गणित सीधा था। इसी विभाजन की राजनीति के भरोसे वह जम्मू की अधिकांश सीटें जीतना चाहती थी। 6 उसने पहली बार मनोनीत सदस्य की व्यवस्था कर ली थी। 90 की विधानसभा में जीत का पूरा हिसाब किताब। मगर जैसा हमने कहा कि क्या जनता इतनी बेवकूफ है? नहीं। उसने जम्मू में भाजपा को रोक दिया। जबकि वह सबसे बड़ा इशु लेकर गई थी। 370 हटा दिया। लेकिन जनता समझदार है। अपना हित अनहित पहचानती है। तो लोकसभा और उसके बाद जम्मू कश्मीर हरियाणा कहीं भी नफरत और विभाजन के मुद्दे नहीं चले। अब महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव हैं। भाजपा उसी नफरत को बटेंगे तो कटेंगे के जरिए और तेज करने की कोशिश कर रही है। खतरनाक स्थिति है। देश की सत्ताधारी पार्टी केवल नफरत के भरोसे। लेकिन जनता हमेशा सिद्ध करती है कि उसमें एक सहज बोध है। कामन सेंस। शिक्षित हो या अशिक्षित वह झूठ और सच में फर्क पहचानती है। डराने वालों और डर से बचाने वालों में फर्क करती है।

# अखिलेश यादव की चमक 2024 के लोकसभा चुनाव से भी ज्यादा

- डॉ. ज्ञान पाठक



**भाजपा** के लिए समस्या यह है कि भाजपा के भीतर योगी आदित्यनाथ के विरोधी अभी भी सक्रिय हैं, क्योंकि वे इन उपचुनावों को उत्तर प्रदेश और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में योगी की राजनीतिक हैसियत को कम करने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, अगर योगी चार सीटों को बरकरार रखने में सफल हो जाते हैं और आरएलडी को एकमात्र सीट जीतने में मदद करते हैं, तो वह भाजपा में एक अप्रतिरोध्य ताकत के रूप में फिर से उभरेंगे और भविष्य के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी के प्रभाव के लिए खतरा बन जायेंगे।

उत्तर प्रदेश में सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के लिए एनडीए और इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवारों की घोषणा के साथ, अब चुनावी रणभूमि में मुख्य प्रतियोगियों को देखा जा सकता है, और उनकी संबंधित ताकत और कमजोरियों का आकलन भी किया जा सकता है, जिसकी सफलता या विफलता योगी आदित्यनाथ के भाग्य का फैसला कर सकती है - उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में, और साथ ही भाजपा के भावी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में भी।

लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को मिली अपमानजनक हार के बाद, योगी आदित्यनाथ को प्रदेश भाजपा के कुछ प्रमुख नेताओं से विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है, जो विफलता के लिए उन्हें बलि का बकरा बनाने की मांग कर रहे थे। हालांकि, योगी आदित्यनाथ ने उन पर अपना प्रभुत्व साबित कर दिया, जिन्हें अप्रत्यक्ष रूप से कुछ केंद्रीय भाजपा नेताओं का समर्थन प्राप्त था। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने तब कहा था कि उपचुनाव खत्म होने तक 'कोई बदलाव' नहीं किया जायेगा। उन्होंने वास्तव में केंद्रीय भाजपा की मंशा को ही उजागर दिया था कि अगर योगी आदित्यनाथ को उम्मीदवारों का चयन करने और अपने तरीके से प्रचार करने की खुली छूट दी जाये तो यह स्पष्ट होगा कि वे उपचुनावों में क्या कर सकते हैं और तब उनकी ताकत का अंदाजा लग जायेगा। यह भी याद रखने लायक है कि योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की हार के लिए 'पार्टी नेताओं के अति आत्मविश्वास' और 'अलोकप्रिय उम्मीदवारों को बार-बार खड़ा करने' को जिम्मेदार ठहराया था। पहला आरोप राज्य भाजपा में उनके विरोधी समूह पर लक्षित था, और दूसरा आरोप केंद्रीय भाजपा नेतृत्व पर लक्षित था।

अब उपचुनाव आ गये हैं, और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनाव प्रचार के प्रबंधन और पार्टी टिकट देने में पूरी छूट दे दी गयी है। इसलिए 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव का परिणाम योगी आदित्यनाथ के राजनीतिक भाग्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा।

भाजपा 9 में से 8 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि एक सीट एनडीए की सहयोगी राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) को दी गयी है। कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर (एससी) से सुरेंद्र दिलेर, करहल से अनुजेश यादव, फूलपुर से दीपक पटेल, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिस्मिता मौर्य और सीसामऊ से सुरेश अवस्थी को टिकट दिया गया है।

इनमें से फूलपुर, गाजियाबाद और खैर पर भाजपा ने 2022 के चुनाव में जीत दर्ज की थी, जबकि मझवां पर एनडीए की सहयोगी निषाद पार्टी ने जीत दर्ज की थी। चूंकि भाजपा इन सीटों पर चुनाव लड़ रही है, इसलिए पार्टी इन सीटों को बरकरार रखने के लिए समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों की कड़ी टक्कर का सामना कर रही है।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव 2024 के लोकसभा चुनाव से ही उभरते सितारे हैं, इन सीटों पर भी उनके कार्यकताओं का मनोबल काफी ऊंचा दिख रहा है, जो इन सीटों को भाजपा से छीनने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। एनडीए में भाजपा की सहयोगी रालोद की बात करें तो उसने मीरापुर से मिथिलेश पाल को मैदान में उतारा है। 2022 के विधानसभा आम चुनाव में भी रालोद ने इस विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की थी। यह सीट मौजूदा विधायक चंदन चौहान के लोकसभा में निर्वाचित होने के बाद खाली हुई थी। मीरापुर ही नहीं, बल्कि 13 नवंबर को जिन 8 विधानसभाओं में उपचुनाव होने हैं, वहां मौजूदा विधायकों के लोकसभा में निर्वाचित होने और सीट खाली होने के कारण उपचुनाव जरूरी हो गये हैं। समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी को आपराधिक मामले में दोषी ठहराये जाने तथा अयोग्य घोषित किये जाने के कारण सीसामऊ सीट पर उपचुनाव जरूरी हो गया है।

भारत के निर्वाचन आयोग ने अदालती मुकदमे के कारण मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव की घोषणा नहीं की।

विपक्षी समाजवादी पार्टी ने सभी 9 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और कांग्रेस चुनाव नहीं लड़ रही है। इंडिया ब्लॉक के प्रमुख घटक के रूप में कांग्रेस सिर्फ समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन कर रही है। इसलिए, यह स्पष्ट है कि कोई भी नुकसान या लाभ समाजवादी पार्टी और उसके सुप्रीमो अखिलेश यादव का सीधा नुकसान या लाभ होगा।

समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार हैं - करहल से तेज प्रताप यादव, सीसामऊ से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, कटेहरी से शोभावती वर्मा, मझवां से ज्योति बिंद, मेरापुर से सुम्बुल राणा, गाजियाबाद से सिंह राज जाटव, खैर से चारूकैन और कुंदरकी से मोहम्मद रिजवान। उपचुनाव वाली 9 सीटों में से चार - सीसामऊ, कटेहर, करहल और कुंदरकी - 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने जीती थीं।

## रामघाट-परिक्रमा मार्ग का डीएम ने लिया जायजा



निरीक्षण करते डीएम आदि।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने दीपावली मेला की व्यवस्थाओं को लेकर रामघाट, परिक्रमा मार्ग तथा पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर जायजा लिया। डीएम ने रामघाट में बने चेंजिंग रूम को अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी यादव से चेंजिंग रूम दुरुस्त कराने के निर्देश दिये।

सोमवार को डीएम ने परिक्रमा मार्ग व रामघाट की सफाई व सड़कों के डिवाइडरों की सफाई के निर्देश दिये। अधिशासी अभियंता लोनिवि को निर्देश दिए कि निमीही अखाड़ा के पास पुलिया को बैरिकेड करा दिया जाये। परिक्रमा मार्ग खोही में कंट्रोल रूम के निरीक्षण दौरान सीसीटीवी कैमरा बाबत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरा लगातार संचालित रहे। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए की रामसैया से भरतकूप की सड़क पर प्रकाश व्यवस्था करें। पार्किंग स्थलों के निरीक्षण दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो कार्य अधूरे हैं, उसे पूरा करायें। श्रद्धालुओं को किसी तरह की समस्या न हो। निरीक्षण दौरान सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, सदर एसडीएम सुश्री पूजा साहू, सीओ सिटी राजकमल आदि मौजूद रहे।

## वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण सम्पन्न



निरीक्षण करते अधिकारीगण।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, जिलाध्यक्ष अपना दल एस रामसिया सिंह पटेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, भाजपा हरिओम करवरिया, जिला सचिव माकपा रुद्र प्रताप मिश्रा, जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी ने संयुक्त रूप से वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। उन्होंने गार्ड रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे का निरीक्षण किया। सीसीटीवी कैमरे संचालित मिले। निरीक्षण दौरान उन्होंने कहा कि बंदरों से सावधान रहें। बंदरों से सीसीटीवी कैमरा प्रभावित हों तो उसे तत्काल सही करायें। उन्होंने सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिये कि सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहे।

## प्रधान के साथ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर तहसील के रम्पुरिया अब्बल से होकर चित्रकूट जाने वाला रामवनगमन मार्ग के निर्माण होने से रम्पुरिया समेत कई गांवों को जोडने वाली लिंक रोड पर आवागमन प्रभावित हो रहा है। इसके विरोध में प्रधान राकेश द्विवेदी की अगुवाई में ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया।

सोमवार को रम्पुरिया गांव के प्रधान राकेश द्विवेदी ने बताया कि इसके पहले कर्वी राजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोडने वाली रम्पुरिया समेत डुडौली, पटवरिया, पटना, कलवलिया, तेरा खुर्द समेत आधा दर्जन गांव के लोगों का मुख्य मार्ग है। मार्ग को क्रास करते हुए राम बन गमन मार्ग का निर्माण हो रहा है। इससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। इस लिंक रोड से छोटी-बड़ी गाड़ियों समेत हजारों लोगो का आवागमन होता है। इसी लिंक रोड से प्राथमिक विद्यालय जाने वाले नौनिहाल बच्चों का भी आवागमन है। लिंक रोड से लगी



प्रधान के साथ प्रदर्शन करते ग्रामीण।

गैस गोदाम है। कार्यदाई संस्था ने मिट्टी डाल दिया है। इससे रास्ता बन्द हो गया है। समस्या के चलते ग्रमीणो ने सड़क पर बैठ कर धरना प्रदर्शन किया। डीएम से लिंक रोड पर ओवर ब्रिज/अंडरपास बनाने की मांग किया है। इस मौके पर बोधीलाल, शिवनंदन, आशीष मिश्रा, दिनेश कुमार, रामबाबू, सुरेन्द्र कुमार, राजू, रिंकू, शालिनी, राजकुमारी अग्रवाल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## 25 लीटर महुआ शराब बरामद

**चित्रकूट।** अवैध शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत डीएम के निर्देश पर आबकारी स्टाफ ने कोतवाली कर्वी के तरौंहा छिपटहारी में दबिश देकर 25 लीटर महुआ शराब बरामद की। वहीं 250 किग्रा लहन मौके पर नष्ट किया। बरामदगी के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

## मेले में 50 लाख श्रद्धालुओं की सुरक्षा खतरे में

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** इस बार दीपावली मेले में लगभग पचास लाख श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को परिक्रमा मार्ग पर लगाये 45 सीसीटीवी कैमरों में से 42 कैमरे सोमवार को बंद मिले। इससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गये हैं।

पर्यटन विभाग ने भगवान कामदगिरि की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सीसीटीवी कैमरे लगाये थे, ताकि भीड़ व अराजकतत्वों पर नजर रखी जा सके। हालात इतने खराब हैं कि इनमें से केवल तीन कैमरे ही काम कर रहे हैं। इससे पुलिस प्रशासन को सुरक्षा कायम रखना चुनौती बन गया है। सूत्रों की मानें तो कैमरों की खराबी की जानकारी जिला प्रशासन तक नहीं पहुंचाई गई। कागजों में कैमरों को चालू

### परिक्रमा मार्ग के अधिकांश सीसीटीवी कैमरे बंद

दिखाकर डीएम को गुमराह किया गया है। दीपावली मेले की तैयारी के मद्देनजर डीएम ने पहले ही बिजली विभाग को परिक्रमा मार्ग से खंभों को हटाने के निर्देश दिए थे, ताकि श्रद्धालुओं को परिक्रमा दौरान कोई असुविधा न हो। अब तक बिजली विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया है। इससे मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ने की संभावना है। प्रशासन की इन खामियों से दीपावली मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। लाखों की भीड़ के बीच चोरी जैसी अन्य घटनाओं पर नजर रखने को सीसीटीवी कैमरे बेहद महत्वपूर्ण हैं। उनकी बंद स्थिति में श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर सवालिया निशान लग गया है।

### नर्स के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला

## आईजी ने तलब की रिपोर्ट, एसपी ने थानाध्यक्ष को किया निलंबित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बरगढ़ थाना क्षेत्र में एक गांव के पास रेलवे लाइन पर नर्स के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने सबको झकझोर दिया है। घटना की जानकारी मिलने पर आईजी जोन प्रयागराज प्रेम गौतम मौके पर पहुंचे। पुलिस टीमों से घटना के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ने के निर्देश दिये। आश्वासन दिया कि पुलिस हर संभव प्रयास करेगी, ताकि आरोपियों को सजा दिलाई जा सके। लापरवाह थानाध्यक्ष राकेश मौर्या को एसपी ने निलंबित कर



निर्देश देते आईजी जोन प्रयागराज प्रेम गौतम।

दिया है। सोमवार को पुलिस ने एक मुख्य आरोपी की पहचान कर ली है। उसकी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी। गांव की एक युवती, जो एक निजी अस्पताल में नर्स है। उसको चार युवकों ने पकड़कर मारपीट कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच को तीन टीमें गठित की हैं। जो सर्विलांस व सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान में जुटी हैं। लापरवाह थानाध्यक्ष राकेश मौर्या को एसपी ने निलंबित कर दिया है। रविवार की रात पीड़िता के परिजनों के घर दो अज्ञात युवक पहुंचे। मामला वापस न लेने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। उधर, पीड़िता का प्रयागराज के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां उसके स्वास्थ्य में सुधार देखा गया है। घटना से युवती के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ा है। आईजी प्रेम गौतम ने पुलिस टीमों से जांचकर घटना के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए न्याय दिलाने को कहा। निर्देश दिये कि वे पीड़िता व उसके परिवार की सुरक्षा करें।

## डीएम-एसपी ने सुनी समस्यायें



समस्या सुनते डीएम।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शासन की मंशानुसार जन समस्याओं के निस्तारण को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में जन सुनवाई दौरान मौजूद लोगों की शिकायतों को एक-एक लोगों से सुनकर संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर वार्ता कर शासन की मंशानुसार निस्तारण के निर्देश दिये। कहा कि जमीन संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण करायें। जन सुनवाई दौरान जो समस्यायें आ रही हैं, उसका गुणवत्ता से निस्तारण करें। जनसुनवाई दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम मौजूद रहे।

इसी क्रम में एसपी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय में आये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के जल्द निस्तारण को सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिये।

## प्रदूषण-प्लास्टिक प्रयोग बाबत किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फार मदर चाइल्ड के प्रोजेक्ट जाग्रति से पहाड़ी के खंड विकास अधिकारी सभागार में गवर्मेंट स्टॉक होल्डर के साथ बैठक हुई। प्रदूषण से होने वाली घातक बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए प्लाटिक प्रयोग के बाहिष्कार की अपील की।

सोमवार को ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फार मदर एंड चाइल्ड ने खंड विकास अधिकारी सभागार में आयोजित गवर्मेंट स्टॉक होल्डर मीटिंग में संस्था के रीजनल मेनेजर आदित्य भरद्वाज ने प्रोजेक्टर से बताया कि लकड़ी, उपले जलाने, मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती, धूपबत्ती और बीडी, सिगरेट के धुआ से घरेलु वायु प्रदुषण होता है। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक एक ही बार प्रयोग करने की बात कही। इसके साथ ही पॉलिथीन में चाय लाने और उसे पीने से होने वाली छोटी बीमारियों के साथ कैंसर जैसी घातक बीमारी के होने का भी खतरा बताया। उन्होंने प्लास्टिक प्रयोग के बाहिष्कार की अपील की। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक पहाड़ी उदय प्रताप सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी महेंद्र सिंह, ममता संस्था के जिला समन्वयक राजीव कुमार पाठक आदि मौजूद रहे।

## व्यक्ति नहीं व्यक्तित्व होता है महान- दीक्षित

### श्रीमद्भागवत कथा का चौथा दिन

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** श्रीमद्भागवत कथा के चैथे दिन आचार्य नवलेश दीक्षित ने भगवान श्री कृष्ण की जन्म की लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक नहीं जन्म है कि जन्म कहां हुआ है, हमें यह देखना है कि हमारा धर्म एवं कर्म कैसा है। सनातन धर्म में कर्म की प्रधानता है। व्यक्ति नहीं उसका व्यक्तित्व महान होता है। यहां व्यक्तित्व एवं चित्र के पीछे जो चरित्र छिपा है, उसकी पूजा होती है। इसलिए हम महापुरुषों की पूजा करते हैं।

मानिकपुर तहसील में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर आचार्य नवलेश दीक्षित ने भगवान श्रीकृष्ण की जन्मोत्सव की



कथा व्यास नवलेश दीक्षित।

लीला का वर्णन करते हुए कहा कि कबीर, नानक, तुलसी, मीरा, रहीम, रसखान आदि धर्म एवं कर्म में अग्रगण्य थे। इसलिए समाज में आज भी आदर सम्मान के साथ हम इन्हें वंदन एवं अभिनंदन करते हैं। भक्त प्रहलाद का पावन चरित्र की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा करते है। भक्त जब अपना सर्वस्व श्रीहरि को समर्पित कर देता है तब भगवान उसकी रक्षा सुरक्षा में तत्पर रहते हैं। जिस परिवार में भक्ति बालक का जन्म हो जाता है, उस मां की कोख धन्य हो जाती है एवं अनेक पीढ़ियों का उद्धार हो जाता है। भागवत कथा पितृों को मोक्ष प्रदान करती है। इस मौके पर यजमान फूलमती, डॉ विष्णुकांत कुशवाहा, विनोद कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## किसानों की फसल बर्बाद कर रहे अन्ना मवेशी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी क्षेत्र के गांव मकरी पहरा, भंभौर व आसपास के इलाकों में अन्ना गौवंशों का आतंक बना हुआ है। किसानों ने कहा कि सरकार ने गौवंशों को गोशालायें बनाई हैं, फिर भी ये मवेशी खुलेआम घूम रहे हैं। खेतों में खड़ी धान, मक्का, अरहर की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान रातभर जागकर अपनी फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं।

गांव में बनी अस्थाई गोशालायें खाली पड़ी हैं, जबकि गौवंशों की देखभाल को सरकार ने लाखों रुपये का बजट जारी किया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बजट का सही प्रयोग नहीं हो रहा। प्रधान-सचिव मिलीभगत कर धन का बंदरबांट कर रहे हैं।

सोमवार को अन्ना मवेशियों के एक झुंड ने किसान के खेत पर खडी अरहर व बाजरे की फसल खा ली। इससे किसान को भारी क्षति हुई है। आवारा मवेशी सड़कों पर झुंड बनाकर चलते हैं। इससे हादसे हो रहे हैं। प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। किसानों ने नाराजगी जताई कि प्रशासन उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा।

## दिव्यांग पेंशन को करायें आधार प्रमाणीकरण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया कि जिन दिव्यांगजनों ने अभी तक दिव्यांग पेंशन में अपना आधार प्रमाणीकरण नहीं कराया, बैंक खाते में आधार नहीं जोड़ा, उन सभी की दिव्यांग पेंशन की द्वितीय किस्त विभाग नहीं भेजेगा। जिले के 1288 दिव्यांगों ने विकास भवन में आधार कार्ड नहीं दिया है। 671 दिव्यांगजनों ने बैंक में खाता आधार से लिंक नहीं करवाया है। इससे अभी तक इनकी पेंशन की धनराशि नहीं भेजी जा रही है। दिव्यांगजनों से अपील किया कि विकास भवन आकर आधार प्रमाणीकरण करायें। साथ ही बैंक जाकर खाते में आधार लिंक करायें, ताकि दिव्यांग पेंशन का लाभ मिल सके।

## छात्र संसद व शिशु भारती का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के शंकर बाजार स्थित सेठ रामनाथ रामकिशुन सरस्वती शिशु मंदिर में सोमवार को नवनिर्वाचित छात्र संसद एवं शिशु भारती का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की वंदना व माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की व्यवस्थाओं के अंतर्गत छात्र संसद का गठन किया गया। जिसमें छात्र संसद में आदर्श द्विवेदी को प्रधानमंत्री, गणेश दत्त मिश्र को उप प्रधानमंत्री, आयुष पांडेय को सेनापति व शिशु भारती में मनोनारायण को अध्यक्ष, अभय को मंत्री व रजत को सेनापति चुना गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को नगर कार्यवाहक विजय किशोर द्वारा शपथ दिलाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरजाकांत बुधौलिया ने कहा कि यह व्यवस्था विद्या भारती की पुरानी व्यवस्था है, जिससे बच्चों में कार्यपालिका के अंतर्गत कार्य करने की प्रेरणा जागृत होती है। कहा कि विद्यालय के सभी निवार्चित पदाधिकारी अनुशासित रहकर अपना कार्य करें। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक एवं संचालक छात्र सांसद प्रमुख अरूण दत्त, सुशील आदि मौजूद रहे।

## मानिकपुर को हराकर शिवरामपुर टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** द हंस फांउडेशन के कार्यकर्ताओं के बीच सोमवार को खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें शतरंज, बैडमिंटन एवं क्रिकेट मैच में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम में सोमवार को आयोजित क्षेत्र खेलकूद प्रतियोगिता में द हंस फांउडेशन के आठ दर्जन सदस्यों के बीच विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें शतरंज प्रतियोगिता में प्रबंधक रामेश्वर विश्वकर्मी विजेता और लाइवलीहुड प्रबंधक संतोष मिश्रा उप विजेता रहे। क्रिकेट मैच में शिवरामपुर टीम विजेता और मानिकपुर टीम उप विजेता रही। इसी प्रकार बैडमिंटन में मानिकपुर की टीम विजेता और शिवरामपुर की टीम उप विजेता रही। संस्थान के प्रोग्राम को-ऑडिनेटर अतुल गुप्ता एवं राधा विश्वकर्मी ने बताया कि समाज के विविध क्षेत्रों में संस्थान के कार्यकर्ता काम कर रहे है। खासतौर से स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को बेहतर सेवाएं मुहैया




पुरस्कृत करते सत्यप्रकाश द्विवेदी आदि।

कराने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं आजीविका के साथ ग्रामीण समुदायों को पोषण के प्रति जागरूक करने एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम निरंतर लोगों की मदद कर रही है। उन्होंने बताया कि द हंस फांउडेशन 2009 में स्थापित एक सार्वजनिक चैरिटेबल ट्रस्ट है, जो समाज के सभी वर्गों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रहा है। विजेता टीमों के प्रतिभागियों को चित्रकूट प्रेस क्लब के अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने पुरस्कार देकर उत्सावर्धन किया। इस मौके पर ब्लाक को-ऑडिनेटर मुकेश कुमार तिवारी एवं आशाराम आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने दबोचा चोर, चार लाख के जेवरात बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिले की जीआरपी मानिकपुर पुलिस टीम ने ट्रेनों में लूट व चोरी की घटनाओं में लिप्त एक चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम काली साहू है, जो सतना का निवासी है. आरोपी चलती ट्रेन या यात्रियों के सो जाने के बाद उनका सामान चोरी करता था। सोमवार को पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी विपुल श्रीवास्तव के निर्देश पर चोरी व लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने को पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झांसी नईम खान मंसूरी की देखरेख में गठित टीम ने मानिकपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक में स्थित पानी टंकी के पास से आरोपी काली साहू सतना मप्र को पकडा। उसके पास से 12 ग्राम की सोने की जंजीर, 13 ग्राम की एक लेडीज जंजीर, 18 ग्राम का एक मंगलसूत्र, चार ग्राम की एक अंगुठी, पांच ग्राम का एक चांदी का सिक्का व आर्टिफिशियल बालियां बरामद हुईं। इन सामानों की कुल कीमत चार लाख रुपये है। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झांसी नईम खान मंसूरी ने बताया कि जीआरपी मानिकपुर पुलिस ने ट्रेन में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक चोर को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है।



चोर के बारे में जानकारी देती टीम।

## प्रमोदवन तुलसी मंच पर होंगे चार दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन

**चित्रकूट।** मप्र शासन संस्कृति विभाग की जनजातीय लोककला व बोली विकास अकादमी के तहत संचालित तुलसी शोध संस्थान प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीवाली मेले पर 29 अक्टूबर से एक नवंबर तक चार दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन प्रमोदवन स्थित तुलसी मंच पर होगा। तुलसी उत्सव-रघुनाथ गाथा शीर्षक से आयोजित होने वाले समारोह में मिथिलांचल आदर्श रामलीला फाउंडेशन से स्वामी विष्णु राय के निर्देश पर रामलीला की विभिन्न प्रसंगों का मंचन, व्याख्यान, नाट्य प्रस्तुति, भक्ति गायन व संगीतमय रामकथा और भजनों की प्रस्तुति होगी। 29 अक्टूबर को वक्ता डॉ कुसुम सिंह जौनपुर तुलसी की जीवन संगिनी रत्नावली पर केन्द्रित नाट्य तुलसी रत्न रत्ना की प्रस्तुति देंगे। 30 अक्टूबर को श्रीरामलीला प्रस्तुति रामजन्म, ताड़का वध और अहिल्या उद्धार प्रसंग होंगे। 31 अक्टूबर को कैकेई-मंथरा संवाद, राम वनवास, केवट प्रसंग और भरतमिलाप प्रसंग होंगे। एक नवंबर राम कथा की विश्व यात्रा वक्ता डॉ कमलेश थापक व लक्ष्मण शक्ति, राम-रावण युद्ध व राम राज्याविषेक प्रसंग होंगे। शोध संस्थान के निदेशक दीपक गुप्ता ने बताया कि उक्त गतिविधियां सभी जनसामान्य के लिए निःशुल्क होंगी।

## पिता ने बेटे की कुल्हाड़ी से काटकर की हत्या, गिरफ्तार

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में थाना मऊ पुलिस टीम ने पुत्र की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या करने वाले आरोपी पिता को गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि सोमवार को नत्थू पुत्र मेहदू दुवारी ने मऊ थाने में सूचना दी कि उनका पुत्र राजकुमार अपने बच्चों के साथ कमरे में सो रहा था। वह अपनी मां मैकी व पत्नी शिवकुमारी के साथ आंगन में सो रहा था। सुबह तीन बजे कमरे से बच्चे के चिल्लाने की आवाज आयी तो दौड़कर कमरे गया। देखा कि पुत्र राजकुमार ने अपने पुत्र सत्यम की कुल्हाड़ी से गला काटकर हत्या कर दी है। कमरें में आग लगा लिया है। चींखने-चिल्लाने पर गांव के लोगों ने आग बुझायी। सूचना पर थाना मऊ में मामला दर्ज हुआ। प्रभारी निरीक्षक मऊ की टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी राजकुमार को खून के छीटे लगे कपड़े पहने व आलाकत्ल कुल्हाड़ी के साथ मवईकला रोड़ से गिरफ्तार किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय, अपराध निरीक्षक अभय सिंह, सिपाही विनोद व पुष्पेन्द्र यादव शामिल रहे।

# पड़ोसियों संग व्यापार नहीं करना 'मूर्खता'... भारत से दुश्मनी कर पछता रहा पाकिस्तान





इस्लामाबादः जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को खत्म करने के बाद पाकिस्तान ने भारत संग व्यापार को रोक दिया था। पाकिस्तान के अंबानी कहे जाने वाले मियां मांशा से लेकर कई दिग्गज उद्योगपति तक भारत से व्यापार को फिर से शुरू करने की कई महीने से गुहार लगा रहे हैं। इसके बाद भी शहबाज सरकार अकड़ में इसे फिर से शुरू करने से बच रही है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के हिस्सा लेने के बाद पाकिस्तान की अकड़ अब ढीली पड़ती दिख रही है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने अमेरिका के वॉशिंगटन में रविवार को कहा कि पड़ोसियों के साथ व्यापार नहीं करना बेतुका है। उनसे क्षेत्रीय देशों खासकर भारत के साथ व्यापार बढ़ाने को लेकर सवाल पूछा गया था।

रविवार को आए भारत सरकार के ताजा आंकड़ों के मुताबिक पिछले 5 महीने में भारत का पाकिस्तान से आयात जहां शून्य हो गया है। वहीं भारत ने पाकिस्तान को 23 करोड़ 50 लाख डॉलर का सामान खासकर चीनी और दवाएं निर्यात किया है। इस तरह से व्यापार रोककर खुद पाकिस्तान को घाटा हो रहा है। अमेरिका में पाकिस्तानी दूतावास में औरंगजेब ने कहा कि भूराजनीतिक मुद्दे क्षेत्रीय व्यापार को प्रभावित कर रहे हैं लेकिन यह उनके अधिकार क्षेत्र के बाहर हैं। इसके बाद भी पाकिस्तान पहले से ही अपने पड़ोसियों के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने सार्क का उदाहरण दिया।

जयशंकर से मिले थे पाकिस्तानी वदिश मंत्री औरंगजेब ने कहा, 'हमने हाल ही में एससीओ सम्मेलन में हिस्सा लिया है और हम ब्रिक्स गठबंधन में भी शामिल होना चाहते हैं। इसके पीछे हमारा उद्देश्य यह है कि व्यापार को बढ़ावा दिया जाए।' बता दें कि इस बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस जयंशकर ने भी हिस्सा लिया था। करीब 10 साल बाद किसी भारतीय विदेश मंत्री की यह पहली पाकिस्तान यात्रा थी। इस दौरान पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने जयशंकर के साथ अनौपचारिक बातचीत की थी। इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने साल 2023 में दुबई के चैनल अल अरबिया से बातचीत में कहा था कि वह पीएम मोदी से अपील करते हैं कि वह उनके साथ बैठें और कश्मीर जैसे ज्वलंत मुद्दे पर गंभीरता के साथ बातचीत करें।

शहबाज ने कहा था कि यह हम पर है कि शांति के साथ जिएं और प्रगति करें। उन्होंने यह भी कहा कि यूएई भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत फिर से शुरू करने में अहम भूमिका निभा सकता है। वहीं भारत ने साफ कह दिया था कि बातचीत और आतंकवाद दोनों साथ- साथ नहीं चल सकते हैं। अब 2024 में पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था तबाही के दौर में है और उसे चीन से लेकर आईएमएफ तक से कर्ज मांगना पड़ रहा है।

# श्रीलंका नौसेना ने अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया



**श्रीलंका**

**श्रीलंका** की नौसेना ने समुद्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में भारत के 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौका भी जब्त कर ली है। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 12 और लोगों को गिरफ्तार किए जाने से द्वीपीय देश में इस साल ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर 462 हो गई है। कोलंबो । श्रीलंका की नौसेना ने समुद्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में भारत के 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौका भी जब्त कर ली है। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 12 और लोगों को गिरफ्तार किए जाने से द्वीपीय देश में इस साल ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर 462 हो गई है। श्रीलंका नौसेना ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और उत्तरी प्रांत जाफना के प्वाइंट पेड्रो तट से उनकी नौका भी जब्त की गई है। इसमें बताया गया कि पकड़े गए 12 मछुआरों को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बयान में कहा गया कि श्रीलंकाई नौसेना ने 2024 में अब तक द्वीप के समुद्री क्षेत्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 462 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी 62 नौकाओं को जब्त किया है। इसमें कहा गया है कि कानूनी कार्रवाई के लिए मछुआरों को अधिकारियों को सौंप दिया गया है। श्रीलंका के मत्स्य मंत्रालय ने बताया कि दोनों पड़ोसियों के बीच बार-बार उत्पन्न होने वाली समस्या (मछुआरों द्वारा मछली पकड़ना) पर चर्चा करने के लिए 12 सदस्यीय भारतीय दल मंगलवार को यहां पहुंचेगा।

# चीनी 'साल्ट टाइफून' का अमेरिका पर बड़ा साइबर अटैक, निशाने पर ट्रंप और कमला हैरिस



**वॉशिंगटनः चीनी** हैकर्स के एक ग्रुप ने कथित तौर पर अमेरिका में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों से जुड़े डेटा में सेंध लगाई है। इस ग्रुप ने डोनाल्ड ट्रंप, कमला हैरिस और जेडी वेंस की कम्युनिकेशन डिवाइस को निशाना बनाया है। इस हैकिंग की कोशिश करने वाले चीनी साइबर जासूसी ग्रुप को 'साल्ट टाइफून' नाम दिया गया है। इसने कितनी जानकारी चोरी की है, ये अभी तय नहीं है।

न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, साल्ट टाइफून ने दूरसंचार नेटवर्क में घुसपैठ की है और वेरिजोन सहित प्रमुख सेवा प्रदाताओं के महत्वपूर्ण डेटा तक पहुंचने की कोशिश की है। अमेरिका में साल्ट टाइफून के निशाने पर डोनाल्ड ट्रंप के कैंपेन के साथ-साथ डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस और उनके साथी टिम वाल्ज भी शामिल हैं।

क्या है ये साल्ट टाइफून?

रिपोर्ट के मुताबिक, वेरिजोन के बुनियादी ढांचे पर इस साइबर हमले को चीन के खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के बड़े अभियान का हिस्सा माना जा रहा है। हालांकि यह साफ नहीं कि हैकर्स को संवेदनशील जानकारी जुटाने में कितनी कामयाबी मिली है। अमेरिकी संघीय एजेंसियां ये जानने की कोशिश कर रही हैं कि कितना नुकसान हुआ है। साल्ट टाइफून, चीनी हैकरों के ग्रुप को माइक्रोसॉफ्ट की साइबर सुरक्षा टीम की ओर से दिया गया नाम है। माइक्रोसॉफ्ट चीनी हैकर समूहों को 'टाइफून' कहता है। माइक्रोसॉफ्ट ईरानी हैकर्स के लिए 'सैंडस्टोर्म' और रूस के लिए 'ब्लिजार्ड' शब्द उपयोग करता है। चीनी हैकर्स के लिए टाइफून में साल्ट जोड़ने का मकसद कॉर्पोरेट डेटा चोरी या वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े पारंपरिक साइबर अपराध के बजाय काउंटरइंटेलीजेंस को दिखाना है।

अमेरिकी राष्ट्रपति खड्गी इीलि ने 60,000 छात्रों के कर्ज किए माफ, देखें डिटेल

राजनेताओं को क्यों बनाया निशाना

रिपोर्ट कहती है कि साल्ट टाइफून के ऑपरेशनों का उद्देश्य चुनाव के समय महत्वपूर्ण अमेरिकी संपत्तियों और संस्थानों की खुफिया जानकारी एकत्र करना है। इसीलिए साल्ट टाइफून ने शीर्ष राजनीतिक हस्तियों और उनके कर्मचारियों के साथ-साथ गहरे सरकारी संबंधों वाले व्यक्तियों से जुड़े फोन नंबरों को टागरेट किया।

एफबीआई और साइबर सिक्योरिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी ने खतरे की गंभीरता को स्वीकार करते हुए अपने बयान में कहा कि साइबर सुरक्षा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ सहयोगात्मक प्रयास चल रहे हैं। एजेंसी की चिंता यह है कि साल्ट टाइफून ने महत्वपूर्ण मेटाडेटा प्राप्त किया हो सकता है, जो खुफिया संदर्भ में वास्तविक सामग्री के समान ही खुलासा कर सकता है।

# अमेरिकी प्रतिबंधों का भी डर नहीं, रूस से पैंटसिर मिसाइल सिस्टम खरीद रहा सऊदी अरब

**रियाद/मॉस्कोः मध्य** पूर्व में अमेरिका का एक करीबी सहयोगी रूस के पाले में जाता दिखाई दे रहा है। सऊदी अरब और मॉस्को के बीच एक बड़ा रक्षा सौदा हो रहा है। यूक्रेनी डिफेंस आउटलेट ने डिफेंस एक्सप्रेस ने रूस में अनौपचारिक सूत्रों के हवाले से बताया है कि सऊदी अरब रूस से पैंटरिस एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइल और आर्टिलरी सिस्टम खरीद रहा है। अगर इसकी पुष्टि होती है तो ये साफ है कि अब सऊदी अरब को भी तुर्की की तरह ही अमेरिकी प्रतिबंधों की परवाह नहीं है।

अमेरिकी F-35 कार्यक्रम से बाहर हो गया था तुर्की रूसी हथियारों की खरीद के खिलाफ अमेरिका ने CAASTA कानून के तहत प्रतिबंधों की घोषणा कर रखी है। इसके पहले अमेरिका ने इसी कानून के तहत तुर्की के खिलाफ कार्रवाई की थी। अमेरिका ने रूसी ए-400 वायु रक्षा प्रणाली खरीदने पर तुर्की को एफ-35 कार्यक्रम से बाहर कर दिया था। डिफेंस एक्सप्रेस ने रिपोर्ट में सऊदी सरकारी पत्रिका का हवाला दिया गया है।

# राष्ट्रपति बाइडेन नें व्हाइट हाउस में भारतीय-अमेरिकियों के साथ मनाई दीपावली



**वाशिंगटन। अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडेन सोमवार शाम व्हाइट हाउस में भारतीय-अमेरिकियों के साथ दीपावली का जश्न मनाएंगे। व्हाइट हाउस के अनुसार, राष्ट्रपति के रूप में यह उनकी अंतिम दीपावली होगी क्योंकि वह अगले चुनाव में भाग नहीं ले रहे हैं।

यह दिन भारतीय संस्कृति और विरासत का सम्मान करते हुए अमेरिका और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के बीच बढ़ते संबंधों को मजबूत करने का प्रतीक बनेगा। राष्ट्रपति पिछले वर्षों की तरह इस बार भी व्हाइट हाउस के ब्लू रूम में दीप जलाएंगे और फिर भारतीय-अमेरिकी मेहमानों के लिए एक स्वागत समारोह में भाषण देंगे। इस अवसर पर राष्ट्रपति के परिचय के लिए सुनीता विलियम्स का एक वीडियो संदेश भी शामिल होगा, जो नासा की एक मशहूर अंतरिक्ष यात्री और रिटायर्ड नौसेना कैप्टन हैं। उन्होंने यह संदेश अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रिकॉर्ड किया है।

# इंडोनेशिया के माउंट मारापी में ज्वालामुखी विस्फोट, दूर तक फैला लावा



**पडांग। इंडोनेशिया** के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक में रविवार को विस्फोट होने से कम से कम तीन बार राख के गुबार उठे और आसपास के गांवों में मलबा फैल गया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के अगम जिले में स्थित माउंट मारापी में होने वाले विस्फोटों का पूवार्नुमान लगाना कठिन है, क्योंकि वे मैग्मा की गहरी हलचल के कारण नहीं, बल्कि भूगर्भीय झटकों के कारण होते हैं।

मारापी निगरानी चौकी पर इंडोनेशिया के ज्वालामुखी विज्ञान और भूगर्भीय खतरा शमन केंद्र के अधिकारी अहमद रिफांदी ने बताया कि इससे निकला गर्म लावा कई मील तक फैल गया। विस्फोट से 2,000 मीटर की ऊंचाई तक राख के गुबार उठे। रिफांदी ने कहा कि लगभग 2,900 मीटर ऊंचा ज्वालामुखी जनवरी से अब तक चार अलर्ट स्तरों में से दूसरे उच्चतम स्तर पर बना हुआ है। पर्वतारोहियों और ग्रामीणों को ज्वालामुखी के मुहाने से तीन किमी के भीतर जाने पर रोक लगा दी गई है।

दिसंबर 2023 में मारापी पर्वत में अचानक विस्फोट हुआ, जिसमें 24 पर्वतारोहियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। तब से पर्वत के चढ़ाई के दो मार्ग बंद कर दिए गए हैं। इससे पांच महीने पहले मॉनसून की बारिश के दौरान माउंट मारापी से मिट्टी और ठंडे लावा के निकलने से नदियों में बाढ़ आ गई। इस घटना में कई लोगों के घर बह गए और 67 लोगों की मौत हुई थी। द्वीपीय देश इंडोनेशिया भूकंप और ज्वालामुखी गतिविधि के लिए संवेदनशील है, क्योंकि यह प्रशांत महासागर के चारों ओर भूकंपीय क्षेत्र फायर रिंग पर स्थित है।

# श्रीलंका में क्या सच में मिल गई रावण के भाई कुंभकर्ण की विशाल तलवार

**कोलंबोः सोशल** मीडिया एक विशाल तलवार को दिखाने वाला एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसके बारे में दावा किया गया है कि यह कुंभकर्ण की तलवार है। कुंभकर्ण लंका के राजा रावण का छोटा भाई था, जिसका वर्णन हिंदू महाकाव्य रामायण में मिलता है। चार स्लाइड दिखाने वाले इस वीडियो में तलवार के पास पुरातत्वविदों को खड़ा बताया गया है। इसे शेयर करते हुए कई लोगों ने दावा किया कि कुंभकर्ण की तलवार मिल गई है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# इजराइल के ईरान पर हमले से वास्तव में क्षेत्रीय तनाव में कमी आयी

## इजराइल ने 26 अक्टूबर, 2024 को हवाई हमले कर ईरान, इराक और सीरिया में लगभग 20 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया



**इजराइल**

**इजराइली** अभियान का कुछ सीमित दायरा यह दशार्ता है कि यह हमला ईरान के सर्वोच्च नेता और ईरानी सैन्य कमांडरों को एक कड़ा संदेश भेजने के लिए किया गया था। संक्षेप में, इजराइल यह संकेत दे रहा है कि उसके पास ईरान के केंद्र पर हमला करने की क्षमता है परंतु वह पूर्ण-शक्ति से हमले करने से बच रहा है, जिससे ईरान की पहले ही डंवाडोल अर्थव्यवस्था को और अधिक नुकसान पहुंचता।

मिशिगन। इजराइल ने 26 अक्टूबर, 2024 को हवाई हमले कर ईरान, इराक और सीरिया में लगभग 20 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इसकी आशंका कई सप्ताह से थी। दरअसल, यह काईवाई अक्टूबर की शुरूआत में तेहरान द्वारा किए गए बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से बदला लेने की चेतावनी के बाद की गई। यह कदम उस पैटर्न का अनुसरण करता है जिसमें ईरान और इजराइल बारी-बारी से उस स्थिति को आगे बढ़ाते हैं जो लंबे समय तक एक ह्यछाया युद्धह्न था, लेकिन अब यह प्रत्यक्ष टकराव में बदल गया है। इन प्रतिशोधात्मक हमलों से व्यापक भय उत्पन्न हो गया कि समूचा क्षेत्र और अधिक उग्र चरण में प्रवेश करने को तैयार है। लेकिन, भले ही यह विरोधाभासी लगे पर मेरा मानना ??है कि हाल ही में हुए इजराइली हमलों ने तनाव को कम किया है। ऐसा क्यों हुआ, यह समझने के लिए, इजराइली अभियान की प्रकृति और पैमाने का विश्लेषण करना जरूरी है। साथ ही हमले के बाद इजराइल, ईरान और अमेरिका में निर्णय लेने वालों के संभावित रुख का भी विश्लेषण करना जरूरी है।

इजराइल द्वारा सुनियोजित हमला ईरान द्वारा अक्टूबर में किया गया हवाई हमला, ईरान के छद्म समूह हिजबुल्ला के विरुद्ध इजराइली अभियानों की श्रृंखला का प्रतिशोध था। इनमें जुलाई में ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथग्रहण की पूर्व संध्या पर तेहरान में हमास के एक उच्च पदस्थ अधिकारी की हत्या तथा सितंबर के अंत में हिजबुल्ला के नेता की हत्या शामिल है। इसी प्रकार, अप्रैल में ईरान द्वारा इजराइली ठिकानों पर किया गया हवाई हमला, इस वसंत में इजराइली उकसावे के जवाब में किया गया था। इसमें एक अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमला भी शामिल था, जिसमें दो वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मारे गए थे। कई पर्यवेक्षकों ने अनुमान लगाया था, या आशंका जताई थी कि ईरान के अक्टूबर के मिसाइल और ड्रोन हमले पर इजराइल की प्रतिक्रिया भारी और दंडात्मक होगी। हालांकि इजराइल के पास निश्चित रूप से ऐसा करने की सैन्य क्षमता है। लेकिन ईरान में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे या देश की परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाने के बजाय, इजराइल ने इस्लामी गणराज्य की वायु रक्षा और मिसाइल क्षमताओं पर ह्यसटीक और लक्षित हमले का विकल्प चुना।

इजराइली अभियान का कुछ सीमित दायरा यह दशार्ता है कि यह हमला ईरान के सर्वोच्च नेता और ईरानी सैन्य कमांडरों को एक कड़ा संदेश भेजने के लिए किया गया था। संक्षेप में, इजराइल यह संकेत दे रहा है कि उसके पास ईरान के केंद्र पर हमला करने की क्षमता है परंतु वह पूर्ण-शक्ति से हमले करने से बच रहा है, जिससे ईरान की पहले ही डंवाडोल अर्थव्यवस्था को और अधिक नुकसान पहुंचता। इजराइल के हमलों के असर का पूर्ण आकलन करने में समय लगेगा, लेकिन प्रारंभिक संकेत हैं कि वे ईरान की समग्र सुरक्षा में कमजोरियों को उजागर करने में सफल रहे। इसका अभिप्राय है कि ईरान या तथाकथित ह्यप्रतिरोध की धुरीह्न में उसके साझेदार जवाबी कार्रवाई करने का फैसला करते हैं तो इन कमजोरियों के अन्य महत्वपूर्ण लक्ष्यों, जैसे तेल और गैस उत्पादन सुविधाओं या यहां तक ? कि परमाणु ऊर्जा स्थलों को भी निशाना बनाया जा सकता है।

ईरान की सतर्क प्रतिक्रिया विभिन्न लक्ष्यों पर इजराइल के हमलों की स्पष्ट सफलता के बावजूद, ईरानी नेताओं के बयानों से पता चलता है कि परिचालनात्मक प्रभाव सीमित था। ईरान के विदेश मंत्रालय के एक बयान में हमले की निंदा की गयी। इसमें कहा गया कि ईरान को ह्यह्यआत्मरक्षा का अधिकार है। लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि ईरान क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को कायम रखेगा। इन शब्दों को पढ़कर मुझे ऐसा लगता है कि ईरान तुरंत जवाबी कार्रवाई करने तथा तनाव को और बढ़ाने की कोशिश नहीं कर रहा है। बेशक, इसमें बदलाव हो सकता है।

ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई या कुद्स फोर्स के कमांडर इस्माइल कानी के आगे के संदेशों से यह स्पष्ट संकेत मिल सकता है कि ईरान जवाबी कार्रवाई करेगा या नहीं और कैसे करेगा। लेकिन ईरान इस बात से भली-भांति परिचित है कि तनाव बढ़ने से, अमेरिका के नेतृत्व में और अधिक प्रतिबंध लगने तथा इजराइल को बढ़ते समर्थन से उसकी डांवाडोल अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इसलिए वह यह अनुमान लगा सकता है कि इजराइल के साथ तनाव बढ़ने से पूर्व की स्थिति पर लौटना उसके हित में है।

वाशिंगटन में, व्हाइट हाउस सतर्क इजराइल और ईरान के बीच खुले युद्ध के विपरीत ह्यछद्म युद्ध की वापसी का वाशिंगटन में निस्संदेह स्वागत किया जाएगा। इजराइल में सात अक्टूबर, 2023 को हमास के भीषण हमलों के बाद से, बाइडन प्रशासन दायित्वों और चिंताओं के बीच फंस गया। इनमें दीर्घकालिक सहयोगी इजराइल का समर्थन करना शामिल है, जबकि मित्र अरब सरकारों को अलग-थलग नहीं करना और क्षेत्र में संघर्ष के पूर्ण युद्ध में बदलने को रोकने का प्रयास करना शामिल है। इस बीच, चुनावी वर्ष में, डेमोक्रेटिक पार्टी विशेष रूप से इजराइल समर्थक यहूदी मतदाता समूह के प्रति अपने समर्थन को संतुलित करने का प्रयास कर रही है, साथ ही वह प्रमुख राज्यों में संभावित रूप से महत्वपूर्ण मुस्लिम मतों को नाराज न करने की जरूरत पर भी ध्यान दे रही है। वह फलस्तीनी युवा मतदाताओं को भी नाराज नहीं करना चाहती है। क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने से व्हाइट हाउस को इन मामलों में कोई मदद नहीं मिलेगी।

राष्ट्रपति जो बाइडन के नेतन्याहू के साथ दशकों पुराने संबंधों के बावजूद वह परिणाम नहीं निकला है जिसकी उनके प्रशासन को अपेक्षा थी। वाशिंगटन अपने सहयोगी को गाजा में युद्ध विराम के लिए प्रेरित करने और न ही दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला और इजराइल के बीच शत्रुता समाप्त करने में सफल हो पाया है। अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले चुनाव के साथ, मध्य पूर्व में विभिन्न मोर्चों पर बढ़े तनाव का असर यह हो सकता है कि मतदाता उपराष्ट्रपति कमला हैरिस या पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कैसे देखते हैं। विशेष रूप से मिशिगन के चुनाव मैदान में, जहां डेमोक्रेट अरब और मुस्लिम अमेरिकियों का वोट खो सकता है, जो बाइडन प्रशासन के कथित इजराइल समर्थक रुख से नाराज हैं।

संतुलन कैसे स्थापित होगा? पश्चिम एशिया में आगे क्या होगा, इसका पूवार्नुमान लगाना अब तक सबसे अनुभवी विश्लेषकों के लिए भी संभव नहीं हो पाया है। यह आकलन करने में कई दिन, सप्ताह या महीने लग सकते हैं कि क्या इजराइल द्वारा किया गया यह नवीनतम हवाई हमला ईरान और इजराइल के बीच तनाव को और बढ़ाएगाया क्षेत्र में तनाव को कम करने वाली परिस्थितियां बनाएगा। लेकिन यह मानने के अच्छे कारण हैं कि ईरान, इजराइल और अमेरिका के निर्णयकर्ता जानते हैं कि और अधिक तनाव किसी के हित में नहीं है। और हो सकता है कि हालिया हमले ने इजराइल को संतुष्ट कर दिया हो और ईरान को भी यह कहने का मौका मिल गया हो कि जवाबी हमले की कोई जरूरत नहीं है।